जयपुर
# महानगर टाइम्स
मिशन पत्रकारिता का प्रहरी
25 सेवा-समर्पण के साल
रजत जयंती वर्ष
विशेषांक-1
www.mahanagartimes.csom
मूल्य : 2 रुपए पृष्ठ : 12 वर्ष : 25 अंक : 326
जयपुर, मंगलवार 18 अक्टूबर, 2022
जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित


### किसान सम्मान निधि योजना की 12वीं किस्त जारी, 'भारत' ब्रांड यूरिया को भी किया लॉन्च

## बड़ी सौगात : किसानों के खातों में 2-2 हजार रुपए ट्रांसफर

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को किसान सम्मान निधि योजना की 12वीं किस्त जारी की। इसके तहत 8 करोड़ से ज्यादा किसानों के खातों में 16,000 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए गए हैं। इस योजना के तहत किसानों के खाते में एक साल में 2-2 हजार रुपए की तीन किस्तें जारी की जाती हैं। मोदी ने नई दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में किसान सम्मान सम्मेलन-2022 का उद्घाटन भी किया। इसमें एग्रीकल्चर स्टार्टअप कॉन्क्लेव और प्रदर्शनी लगाई गई। लगभग 300 स्टार्टअप्स ने प्रिसिशन फार्मिंग से संबंधित अपने इनोवेशन का प्रदर्शन किया है। गौरतलब है कि पीएम किसान सम्मान सम्मेलन 2022 के आयोजन का उद्देश्य देशभर के 13,500 से अधिक किसानों और लगभग 1,500 कृषि स्टार्टअप को एक साथ लाना है। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि आज देश में 600 से ज्यादा प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र शुरू हो रहे हैं ये किसान की हर आवश्यकता में मदद करने वाला केंद्र है। ये ऐसे केंद्र होंगे, जहां खिर्फ खाद ही नहीं मिलेगी, बल्कि बीज, उपकरण, मिट्टी की टेस्टिंग, हर प्रकार की जानकारी किसानों को एक ही जगह पर मिलेगी।



### ई-पत्रिका 'इंडियन एज' लॉन्च

प्रधानमंत्री ने फर्टिलाइजर पर एक ई-पत्रिका 'इंडियन एज' का भी शुभारंभ किया। यह घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उर्वरक परिदृश्यों के बारे में जानकारी देगी। इसमें हालिया डवलपमेंट, प्राइस ट्रेंड एनालिसिस, उपलब्धता और खपत, किसानों की सफलता की कहानियां शामिल हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, केंद्रीय उर्वरक और रसायन मंत्री मनसुख मंडाविया भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

### 600 प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र खुले

पीएम मोदी ने रसायन और उर्वरक मंत्रालय के तहत 600 प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्रों (पीएमकेएसके) का शुभारंभ भी किया। इसके तहत किसानों की जरूरतों को पूरा करने के लिए देश में 3.3 लाख से ज्यादा रिटेल फर्टिलाइजर दुकानों को पीएमकेएसके में बदला जाएगा।

### एक राष्ट्र एक उर्वरक परियोजना का शुभारंभ

पीएम किसान सम्मान सम्मेलन में प्रधानमंत्री भारतीय जन उर्वरक परियोजना- एक राष्ट्र एक उर्वरक का शुभारंभ भी किया गया। इस योजना के तहत प्रधानमंत्री ने भारत यूरिया बैग लॉन्च किया, जो कंपनियों को सिंगल ब्रांड नाम 'भारत' के तहत फर्टिलाइजर की मार्केटिंग में मदद करेगा।

### कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव में 96 फीसदी मतदान, नतीजे कल

## खड़गे अध्यक्ष तय, सामने आएगी थरूर की सेंधमारी

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** कांग्रेस में करीब ढाई दशक से चल रहा गैर गांधी राष्ट्रीय अध्यक्ष का इंतजार 19 अक्टूबर को खत्म हो जाएगा। वहीं शशि थरूर द्वारा की गई सेंधमारी भी सबके सामने आ जाएगी। कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खड़गे का अध्यक्ष बनना तय माना जा रहा है। इसके लिए औपचारिक घोषणा होनी बाकी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए सोमवार को देशभर में वोटिंग हुई। अध्यक्ष पद के लिए सोनिया गांधी, मनमोहन सिंह, राहुल गांधी समेत कई दिग्गज नेताओं ने मतदान किया। कांग्रेस मुख्यालय पर 87 डेलिगेट्स ने मतदान डाला। वोटिंग के बाद सोनिया गांधी ने कहा कि नए अध्यक्ष का इंतजार लंबे समय से था।

वोटिंग खत्म होने के बाद चुनाव प्रभारी मधुसूदन मिस्त्री ने बताया कि 9900 में से 9500 डेलिगेट्स ने वोट डाले। यानी कुल पोलिंग 96 फीसदी रही। सभी राज्यों से 18 अक्टूबर को बैलेट बॉक्स आएंगे। इन्हें एआईसीसी हेडक्वार्टर्स में बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम में कड़ी सुरक्षा के बीच रखा जाएगा। 19 अक्टूबर को वोटों की गिनती होगी। मतगणना शुरू होने से पहले मतपत्रों को मिलाया जाएगा, ताकि किसी को पता न चले कि किसी उम्मीदवार को किसी राज्य विशेष से कितने वोट मिले हैं।







### खड़गे-थरूर बोले-परिणाम कुछ भी हों, हम सहयोगी बने रहेंगे

मल्लिकार्जुन खड़गे ने ट्वीट कर कहा कि यह हमारे आंतरिक चुनाव का हिस्सा है। हमने एक-दूसरे से जो कुछ भी कहा वह मैत्रीपूर्ण ही है। हमें मिलकर पार्टी बनानी है। थरूर ने मुझे फोन किया और शुभकामनाएं दीं और मैंने भी उन्हें मुबारकबाद दी है। वहीं शशि थरूर ने ट्वीट कर कहा कि कांग्रेस की किस्मत का फैसला कार्यकर्ता करेंगे। कांग्रेस में परिवर्तन का दौर शुरू हो गया है। मैंने खड़गे जी से बात की है और उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। परिणाम कुछ भी हो, हम सहयोगी बने रहेंगे।



### राजस्थान में 414 में से 393 डेलिगेट्स ने की वोटिंग

राजस्थान में भी प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मतदान हुआ। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पीसीसी चीफ गोविंद डोटासरा सहित बड़ी संख्या में मंत्री, विधायक और पीसीसी सदस्य वोट देने पहुंचे। वोटिंग सुबह 10 से 4 बजे तक हुई। प्रदेश में कुल 414 में से 393 डेलिगेट्स ने मतदान किया। बाकी 21 में से करीब 10 दूसरे राज्यों में चुनाव अधिकारी बने हुए हैं तो उन्होंने वहां पर वोट डाला। साथ ही यहां पर जो पीआरओ (प्रदेश चुनाव प्रभारी) के पद का दायित्व संभाल रहे हैं, उन दोनों ने भी मतदान का प्रयोग किया।

### वोट डालने के बाद मीडिया से बोले मुख्यमंत्री

## युवा शक्ति के पास मेहनत का जज्बा, पर अनुभव का कोई विकल्प नहीं : गहलोत

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** युवा शक्ति के पास मेहनत का करने का जज्बा है, लेकिन अनुभव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, वह अत्यंत जरूरी है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने यह बात पीसीसी में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव में वोट डालने के बाद मीडिया से कही। उन्होंने कहा कि खड़गे बहुत भारी बहुमत से जीतेंगे। संगठन में भी उनका अनुभव है, ऐसे व्यक्तित्व के आदमी को अगर मौका मिलता है तो कांग्रेस में मैं समझता हूं कि नई जान फूंकेंगे। उनका अनुभव भी काम आएगा और अनुभव से ही काम होता है। युवा शक्ति मेहनत तो कर सकती है, पर अनुभव का कोई विकल्प नहीं होता है, उसी के आधार पर लाभ मिलता है।

### 'पार्टी छोड़कर गए युवा अवसरवादी लोग'

गहलोत ने कहा कि युवा वर्ग नाराज नहीं है, जो लोग छोड़कर गए हैं, वे अवसरवादी हैं, उनको कम उम्र में मौका मिल गया। केंद्रीय मंत्री बनने का फितूर वे ही कर रहे हैं जिनको पहले मौका मिल गया है, जबकि मौका मिलना चाहिए था रगड़ाई होने के बाद। जब खुद को उस स्तर पर नहीं पहुंचा पाए तो पार्टी छोड़कर जा रहे हैं, चाहे वो सिंधिया हों, चाहे वो जितिन प्रसाद हों, चाहे आरपीएन सिंह हों। मैं खुद इंदिरा गांधी के समय में डिप्टी मिनिस्टर बना था, जबकि इनको तो शुरुआत में ही अच्छे पद दिए गए। सब्र करने वालों के भी अच्छे दिन आएंगे, जल्दबाजी जितनी करेंगे, उतनी ठोकर खाते जाएंगे। राहुल गांधी की यात्रा के बाद मैं समझता हूं कि कोई पार्टी छोड़ेगा तो हजार बार सोचकर छोड़ेगा।

### गुजरात चुनाव की घोषणा नहीं होना समझ से परे

उन्होंने कहा कि गुजरात चुनाव की घोषणा नहीं होना समझ से परे है, जिस रूप से चुनाव आयोग ने खाली हिमाचल प्रदेश का चुनाव घोषित किया है, मैं चाहूंगा कि इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया पूरे देशवासियों को विश्वास में ले और बताए कि किन कारणों से सिर्फ हिमाचल का चुनाव घोषित किया है।

### भाजपा में वसुंधरा राजे तक को किया जा रहा नजरअंदाज

गहलोत ने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा में तो अब वसुंधरा राजे तक को दरकिनार कर दिया है। विपक्ष में होने के कारण हमारी निंदा करना उनका काम है, लेकिन वसुंधरा के साथ भाजपा जो कर रही है, उसे ठीक नहीं कहा जा सकता। बड़े नेता उनसे मिलते नहीं, अपॉइंटमेंट नहीं देते यह सब ठीक नहीं है। ऐसा हमारी पार्टी में कभी नहीं हुआ, हम भी पूर्व मुख्यमंत्री रहे हैं, पाटी में हमें पूरा सम्मान मिला।

### सीकर के लक्ष्मणगढ़ में किसान आक्रोश सम्मेलन



## कांग्रेस पाखंड है या विधायकों के इस्तीफे भी : डॉ. पूनियां

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राज्य की गहलोत सरकार से बाजरे की समर्थन मूल्य पर खरीद, किसान कर्जमाफी, सुचारु बिजली की मांग को लेकर भाजपा किसान मोर्चा की ओर से सीकर के लक्ष्मणगढ़ में किसान आक्रोश सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में कांग्रेस के 80 विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष को इस्तीफे सौंप रखे हैं। इसके बावजूद कांग्रेस विधायक बंगला भी सरकार का, गाड़ी भी सरकार की तोड़ रहे हैं। सिपाही भी सरकार के ले रखे हैं। रोटी भी सरकार की खा रहे हैं। इसलिए या तो कांग्रेस पाखंड है या विधायकों के इस्तीफे पाखंड हैं। अगर सच्चाई है तो स्पीकर को उन इस्तीफों को स्वीकार कर लेना चाहिए। सम्मेलन को सीकर सांसद सुमेधानंद सरस्वती, चूरू सांसद राहुल कस्वां, झुंझुनूं सांसद नरेंद्र कुमार खींचड़, पूर्व सांसद रामसिंह कस्वां, उपनेता प्रतिपक्ष और चूरू विधायक राजेंद्र राठौड़, चूरू के रतनगढ़ से विधायक अभिनेष महर्षि, झुंझुनूं के सूरजगढ़ से विधायक सुभाष पूनिया, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता और चौमूं से विधायक रामलाल शर्मा, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रिणवां, प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष माधोराम चौधरी, प्रदेश मंत्री लक्ष्मीकांत भारद्वाज भी मौजूद रहे।



## करंट से राज्य पक्षी गोडावण की मौत

महानगर संवाददाता

**जैसलमेर।** शहर के श्री देगराय ओरण में हाइटेंशन लाइन की चपेट में आने से एक नर गोडावण की मौत हो गई। वन्यजीव प्रेमी सुमेरसिंह सांवता ने बताया कि लगातार हो रही इस तरह की घटनाओं से गोडावण संरक्षण के प्रयासों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। उन्होंने बताया कि सोमवार को जानकारी मिली कि एक नर गोडावण का शव देगराय ओरण के आसपास मिला है। बड़ी तादाद में वन्य जीवप्रेमी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी, लेकिन कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। उन्होंने बताया कि साल 2017 से लेकर अब तक 8 गोडावण अपनी जान गंवा चुके हैं। सरकार इनके संरक्षण का लेकर प्रयासरत है, लेकिन विचरण क्षेत्र में लगे तारों से हादसे हो रहे हैं।

## राष्ट्रपति ने अगले सीजेआई के नाम पर लगाई मुहर

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ (धनंजय यशवंत चंद्रचूड़) को देश का अगला चीफ जस्टिस नियुक्त किया है। वे 9 नवंबर को देश के 50वें चीफ जस्टिस के रूप में शपथ लेंगे। उनका कार्यकाल 10 नवंबर 2024 तक होगा। वे जस्टिस यूयू ललित का स्थान लेंगे।

## 1257 करोड़ के सिंडिकेट बैंक घोटाले में एक पकड़ा

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** ईडी ने सिंडीकेट बैंक (अब केनरा बैंक) में 1257 करोड़ की धोखाधड़ी मामले में बैंक के पूर्व अधिकारी हिमांशु वर्मा को गिरफ्तार किया है। ईडी ने सोमवार को उसे जयपुर में धनशोधन मामलों की सुनवाई करने वाली विशेष अदालत में पेश किया गया। जहां से 10 दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया है।

### आबकारी नीति में कथित भ्रष्टाचार मामला, 9 घंटे सीबीआई पूछताछ

## सिसोदिया का आरोप : भाजपा में शामिल होने का बना रहे दबाव

महानगर संवाददाता



**नई दिल्ली।** आबकारी नीति में कथित भ्रष्टाचार के मामले में तलब किए गए दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से सीबीआई ने सोमवार को करीब नौ घंटे तक पूछताछ की। बाद में सिसोदिया ने आरोप लगाया कि जांच के बहाने उन पर भाजपा में शामिल होने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। पूछताछ समाप्त होने के बाद सिसोदिया ने मीडिया से कहा कि पूरा केस फर्जी है। यह केस किसी जांच के लिए नहीं, बल्कि ऑपरेशन लोटस को सफल बनाने के लिए है। जानकारी के अनुसार सोमवार को सिसोदिया से पूछताछ के दौरान सीबीआई ने उन्हें सबसे पहले के घर पर जो बयान हुए थे, उसकी कॉपी उन्हें दिखाई गई। इसी मामले के अन्य आरोपी विजय नायर और हैदराबाद के व्यापारी अभिषेक बोइनपली जिन्हें हाल ही गिरफ्तार किया गया था, उनके बारे में मनीष सिसोदिया से पूछताछ हुई।

### सांसद संजय सहित कई हिरासत में

इससे पहले सीबीआई की कार्रवाई के विरोध में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सीबीआई मुख्यालय समेत दिल्ली के विभिन्न इलाकों में जमकर प्रदर्शन किया। सीबीआई मुख्यालय पर प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने सांसद संजय सिंह समेत आप के कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया। उन पर धारा 144 तोड़ने का आरोप है। गौरतलब है कि दिल्ली सरकार की ओर से बनाई गई आबकारी नीति में भ्रष्टाचार की शिकायतों की जांच कर रही सीबीआई ने उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को सोमवार सुबह 11 बजे सीबीआई मुख्यालय तलब किया था।







FAIR & FIXED PRICING

33 YEARS OF EXCELLENCE

Only R K Marble promises to promote transparent business practices and empower our customers with a fair and fixed-price policy. Trust built on such honesty and transparency over 33 years of being in this business is what makes R K Marble honestly remarkable.

RK MARBLE
KHOOBSURAT IMAANDAARI

Call:+91 9119118118

www.rkmarble.com

Delhi | Kishangarh | Gurugram

# 'देशभर में चलाए जा रहे हैं शैक्षिक तथा सांस्कृतिक उत्थान कार्यक्रम'

## एम फॉर सेवा छात्रालय का वार्षिकोत्सव आयोजित

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज परिसर स्थित एम फॉर सेवा छात्रालय का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया।

आयोजक स्वामी ब्रह्मपरानंद सरस्वती ने बताया कि इस अवसर पर नवनिर्मित छात्रालय का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि स्वामी साक्षातकृतानंद सरस्वती ने देशभर में एम फॉर सेवा योजना के तहत चलाए जा रहे शैक्षिक तथा सांस्कृतिक उत्थान कार्यक्रमों की जानकारी दी। संस्था के संरक्षक डॉ. एमएल स्वर्णकार ने कहा कि कॉलेज परिसर में आज विद्या तीर्थ के सहयोग से निशुल्क एम फॉर सेवा छात्रालय संचालित किया जा रहा है, जिसमें कक्षा आठ से कॉलेज स्तर के विद्यार्थियों को आवास एवं भोजन व्यवस्था निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है।

इन विद्यार्थियों को आध्यात्मिक ज्ञान तथा संत साहित्य की कक्षाओं के जरिए सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक उत्थान के लिए प्रेरित किया जाता है। स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती ने बताया कि इस अवसर पर अभिमन्यु की गाथा नाटक का सजीव मंचन भी विद्यार्थियों द्वारा किया गया। जहां डाल डाल पर सोने की चिड़िया जैसे गीतों ने श्रोताओं को राष्ट्रभक्ति भाव में सराबोर किया। गवरी नृत्य के जरिए मेवाड़ी नृत्य कला का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में स्वामी ऐश्वर्यानंद सरस्वती, स्वामी विष्णु स्वरूपानंद सरस्वती, स्वामी नित्यानंद सरस्वती, स्वामी हंसानंद सरस्वती, स्वामी नित्यशुद्धानंद सरस्वती, स्वामी मुदितवदनानंद, स्वामी सुप्रभानंद, पुरुषोत्तमचंद, अनिल बाफना, सीपी शर्मा, अतुल्य दीप माथुर, अक्षय दीप माथुर, डीपी शर्मा, कल्पना गुप्ता सहित समाजसेवियों तथा विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का समापन स्वामी दयानंद सरस्वती द्वारा रचित गीत एवं शांति पाठ से किया गया।



## न्यूज इन बॉक्स

### भगवा रक्षा दल ने की जवाबदेही कानून की सराहना

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** भगवा रक्षा दल ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जवाबदेही कानून लागू करने के प्रयास की सराहना की है। भगवा रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि कानून लागू होने के बाद आम जनता को राहत मिलने की संभावना है। क्योंकि वर्तमान समय में राज्य सरकार के अधिकांश अधिकारी और कर्मचारी राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ आम आदमी तक नहीं पहुंचाते। आम आदमी ऑफिस में चक्कर लगाता रहता हैं। ऐसे में जवाबदेही कानून लागू होता है तो आम जनता के लिए राहत की बात होगी।

### व्यसन मुक्ति संकल्प कार्यक्रम आयोजित, सप्त कुव्यसन से दूर रहें युवा : कर्नावट

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मानसरोवर स्थित एस.एस. जैन सुबोध लॉ कॉलेज कैम्पस स्थित आचार्य हस्ती सभागार में श्री जैन रत्न हितैषी श्रावंक संघ के तत्वावधान में जैनाचार्य हीराचन्द्र म.सा. के 60 वें दीक्षा दिवस के उपलक्ष में व्यसन मुक्ति संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता खुशबू कर्नावट ने कहा कि अगर भारत को हमें फिर से सोने की चिड़िया बनाना है तो, हमारी नींव, हमारे युवाओं को मजबूत बनना पड़ेगा। खोखली नींव से कभी भी मजबूत देश का निर्माण संभव नहीं है। ये सप्त कुव्यसन ही वो डिस्ट्रेक्शन है, जो हमें अपने लक्ष्य से दूर कर देंगे। यह सप्त कुव्यसन जुआ, मांसभक्षण, मदिरापान, चोरी, शिकार, परस्त्रीगमण और वैश्यागमन... यह सब हमें गुमराह कर सकते है। हमारा नुकसान करते रहे है, और करते रहेंगे। इसलिए इनसे बचने के उपाय भी बताए गए। महाविद्यालय के संयोजक संजीव कोठारी, प्राचार्य डॉ. स्वाति मेहता, उप-प्राचार्य अंजली भाटिया, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मेघराज जैन, वीरेन्द्र जामड़ उपस्थित रहें है।

### सुमन मीणा को किया सम्मानित

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** पिंकसिटी प्रेस क्लब जयपुर में आयोजित एक समारोह में जमवारामगढ़ पंचायत समिति सदस्य सुमन मीणा को सम्मानित किया गया। सुमन मीणा द्वारा किए जा रहे पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक कार्यों के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजीव अरोड़ा, डॉ. अर्चना शर्मा, गलता पीठाधीश्वर अवधेशाचार्य महाराज, अशोक शर्मा मौजूद रहे।

### डिजिटल के तौर तरीके सीखकर बढ़ा सकते हैं आय : दाधीच



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** इन्फोनिक प्रशिक्षण संस्थान और विकास केंद्र की ओर से डिजिटल मार्केटिंग सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें लोगों को डिजिटल मार्केटिंग की बुनियादी बातों और नई-नई तकनीकियों से किस तरह से शीर्ष पर पहुंचना है, के बारे में समझाया गया। सेमिनार में प्रियांक दाधीच ने कहा कि अब युवाओं को डिग्री से नहीं, बल्कि कौशल से रोजगार मिलेगा। एक दिवसीय सेमिनार में स्थानीय व्यापार मालिक, मार्केटिंग मैनेजर, हाउसवाइफ के साथ ग्रेजुएट स्टूडेंट्स ने भी हिस्सा लिया। प्रियांक दाधीच ने बताया कि डिजिटल मार्केट आज तेजी से बढ़ रहा है। डिजिटल के तौर तरीकों को सीखकर आय को कई गुना बढ़ाया जा सकता है। आज कोई भी ऐसा सेक्टर नहीं है, जहां डिजिटल मार्केटिंग की डिमांड न हो। चाहे मीडिया हो, मार्केटिंग, एजुकेशन हो या एंटरटेनमेंट, यहां तक कि पॉलिटिक्स में भी इस फील्ड की डिमांड है। पार्टी लेवल से लेकर व्यक्तिगत लेवल पर लोग अपनी इमेज बनाने के लिए डिजिटल मार्केटिंग की मदद ले रहे हैं। लिहाजा इस सेक्टर में नौकरियां बहुत हैं। इस फील्ड में कॅरियर बनाने के लिए डिजिटल मार्केटिंग की ट्रेनिंग जरूरी है। खास बात यह है कि डिजिटल मार्केटिंग की अच्छी समझ होने पर व्यक्ति अच्छी कंपनियों में नौकरी के साथ खुद का भी स्टार्टअप भी लॉन्च कर सकता है।

# करधनी में 28 से होगा 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ, जयकारों के साथ हुआ भूमि पूजन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से कालवाड रोड झोटवाड़ा, करधनी क्षेत्र के ई ब्लॉक पार्क में 28 से 30 अक्टूबर तक होने वाले 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का वेद मंत्रोच्चार और जयकारों के साथ भूमि पूजन हुआ। जमीन की खुदाई कर पवित्र तीर्थों के जल से शुद्धिकरण कर अक्षत और पुष्प से पूजन किया गया।

गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक रणवीर सिंह चौधरी, गायत्री प्रसाद और दिनेश आचार्य ने पृथ्वी पूजन संपन्न करवाया। रणवीर सिंह चौधरी ने कहा कि शास्त्रों में देवी-देवताओं से पहले पृथ्वी पूजन का विधान बताया गया है। धरती हमारी जन्मदात्री मां के समान पूज्य है। पृथ्वी हमें सहनशीलता की शिक्षा देती है। भूमि पूजन के बाद गायत्री महायज्ञ किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की सफलता के लिए देवी-देवताओं का भावभरा आह्वान कर आहुतियां अर्पित की। गायत्री परिवार राजस्थान के संयोजक ओमप्रकाश अग्रवाल और शांतिकुंज प्रतिनिधि डॉ. प्रशांत भारद्वाज ने महायज्ञ में ज्यादा से ज्यादा लोगों को निमंत्रित करने का आह्वान किया। इस मौके पर पवन सिंघल, मंजू खंडेलवाल, सुशीला सैनी, कुसुम सिंघल, शोभा कुमावत, अमिता शर्मा, सुनील सैनी, गोपाल पारीक, मुकेश माथुर, मनोज पारीक सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिजन उपस्थित थे।



### शांतिकुंज की टोली कराएगी यज्ञ

*परिवारों में शुभ संस्कारों की स्थापनाए समाज में सत्प्रवृतियों के संवर्धन दुष्प्रवृतियों के उन्मूलन, मनुष्य में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग के अवतरण के लिए महिला मंडल करधनी की ओर से आयोजित यह महायज्ञ शांतिकुंज हरिद्वार से आने वाली टोली संपन्न कराएंगी। महायज्ञ का शुभारंभ 28 अक्टूबर शुक्रवार को दोपहर 2 बजे निकलने वाली कलश यात्रा और ज्ञान गंगा सद्ग्रंथ शोभायात्रा के साथ होगा। शोभायात्रा करधनी के सेंट्रल पार्क से रवाना होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए यज्ञ स्थल पहुंचेगी। वहां शाम 4 से 5 बजे तक युग संगीत एवं प्रवचन का कार्यक्रम होगा।*

### यज्ञ के साथ होंगे संस्कार

*दूसरे दिन 29 अक्टूबर, शनिवार को सुबह 8: 30 से 11:30 बजे तक देव पूजन, गायत्री महायज्ञ होगा। पुंसवन, अन्न प्राशन सहित विभिन्न संस्कार भी होंगे। शाम को 6 से 8 बजे तक दीपयज्ञ होगा तथा सर्व सुलभ गायत्री साधना पर प्रवचन होंगे। तीसरे एवं अंतिम दिन 30 अक्टूबर को सुबह 8: 30 से 11:30 बजे तक गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी। इस मौके पर विशेष रूप से दीक्षा संस्कार कराया जाएगा।*

## उत्तर प्रदेश-बिहार की प्रतिभाओं का सम्मान



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** उत्तर प्रदेश बिहार संयुक्त समाज का स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह न्यू सांगानेर रोड स्थित अकुंर बैंकट हॉल में हुआ। इस मौके पर समाज की डायरेक्टरी का विमोचन भी किया गया। मुख्य अतिथि विक्रम सिंह शेखावत थे जबकि अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष अशोक दुबे ने की। उन्होंने केशव शुक्ला को संस्था नया अध्यक्ष बनाने की घोषणा। समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं और बुजुर्गों का सम्मान किया गया।

महामंत्री के के तिवारी, कोषाध्यक्ष ए पी गुप्ता, संगठन मंत्री विनोद सिंह, प्रचार मंत्री अरविंद शर्मा, अशोक पांडे, रामा शंकर सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने संस्था के कार्यों को विस्तार देने, एकजुटता और एक-दूसरे की मदद करने पर बल दिया। पदाधिकारियों ने दीपावली और छठ पूजा की अग्रिम शुभकामनाएं और बधाई दी। मंच संचालन प्रवक्ता उमेश पांडे ने किया।

## महिलाओं ने संतान की कुशलता के लिए रखा अहोई अष्टमी का व्रत

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** कार्तिक कृष्ण अष्टमी सोमवार को महिलाओं ने अहोई माता की पूजा-अर्चना कर अपने बच्चों की लंबी उम्र के लिए व्रत रखा। दोपहर को सूर्यदेव को जल अपर्ण कर महिलाओं ने अहोई की कथा सुनी। रात को तारों को अर्घ्य देकर व्रत खोला। मंदिरों में सुबह महिलाओं की संख्या अधिक रही। कार्तिक स्नान करने वाली महिलाओं ने सामूहिक रूप से अहोई माता की कथा सुनी। शाम को दीवार पर अहोई माता की अष्टकोणीय आकृति, स्याहू माता और बच्चों की आकृति बनाकर विधिवत पूजा-अर्चना की। उल्लेखनीय है कि करवा चौथ पर महिलाएं जहां अपने सुहाग की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती हैं, वहीं अहोई अष्टमी पर महिलाएं अपने बच्चों की लंबी उम्र के लिए अहोई माता से वरदान मांगती हैं।

निःसंतान महिलाओं ने भी व्रत रखकर संतान प्राप्ति की कामना की। हाल ही संतान प्राप्त करने वाली महिलाओं में अहोई अष्टमी को लेकर खासा उत्साह दिखा। परिवार की बड़ी-बुजुर्ग महिलाओं ने उनसे पूजा-अर्चना करवाई।

## एक शाम खाटू वाले के नाम भजन संध्या आयोजित



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** कालवाड़ रोड प्रताप विहार कॉलोनी में स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज के सान्निध्य में एक शाम खाटू वाले के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाबा श्याम का भव्य दरबार और फूल बंगला झांकी सजाकर पुष्प वर्षा की गई। श्यामलाल कुमावत, बाबूलाल ने बताया कि राज राठौड़, मनोज पारीक, कुमार शिवा, अनु मिश्रा, सुरेश बघेरवाल ने बाबा श्याम के मधुर भजन गाकर भक्तों को भाव विभोर कर दिया। इस अवसर पर राधा गोविंद एवं मां काली की सजीव झांकी आकर्षण का केन्द्र रही।

## संस्कृत विश्वविद्यालय में प्रवेश 31 तक

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय ने कुलपति प्रो रामसेवक दुबे के निर्देश से विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ा दी है। विभिन्न पाठ्यक्रमों में विद्यार्थी 31 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कुलसचिव दुर्गेश राजोरिया ने बताया कि संयुक्ताचार्य पाठ्यक्रम के तहत शास्त्री एवं आचार्य कक्षाओं के लिए वेद, ज्योतिष, साहित्य, व्याकरण और दर्शन में आवेदन करने का विकल्प विद्यार्थियों के पास है। योग, ज्योतिष एवं कर्मकांड और पीजीडीसीए जैसे डिप्लोमा पाठ्यक्रम के लिए भी विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। जिन विद्यार्थियों के पास उच्च माध्यमिक स्तर पर संस्कृत विषय नहीं है, वे भी विश्वविद्यालय के शास्त्री पाठ्यक्रम में आवेदन कर सकते हैं।

# अनूसूचित जाति के हितों पर डाका बर्दाश्त नहीं : विहिप

## जनजागरण अभियान चलाकर खोलेंगे पोल

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मतांतरित अनुसूचित समाज को आरक्षण का लाभ दिलाने की मांग का विहिप ने यह कहकर विरोध किया है कि यह न केवल संविधान विरोधी और राष्ट्र विरोधी है अपितु अनुसूचित जाति के अधिकारों पर कुठाराघात है।

विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त महामंत्री डॉ. सुरेंद्र जैन ने कहा कि मिशनरी और मौलवी बार-बार यही दोहराते हैं कि उनके मजहब में जाति के आधार पर कोई भेदभाव नहीं है और उनका मजहब स्वीकार करने के बाद कोई पिछड़ा नहीं रह जाता है। इसके बावजूद जब वे मतांतरितों के लिए बार-बार आरक्षण की मांग करते हैं तो न केवल उनका समानता का दावा खोखला सिद्ध होता है अपितु, उनके गलत इरादों का भी पर्दाफाश होता है। उनका उद्देश्य न्याय दिलाना नहीं अपितु मतांतरण की प्रक्रिया को तेज करना है। यह अनुचित मांग न केवल सामाजिक न्याय अपितु संविधान की मूल भावना के विपरीत किया गया एक षड्यंत्र है। अगर इस नाजायज मांग को स्वीकार कर लिया जाता है तो इससे अवैध धर्मांतरण की गतिविधियां तीव्र हो जाएंगी। छद्म ईसाई खुलकर सामने आएंगे। जनसंख्या असंतुलन के खतरे बढ़ जाएंगे और जिस अनुसूचित जाति के लिए आरक्षण का प्रावधान किया है वे इससे वंचित हो जाएंगे।

### डॉ. अंबेडकर ने ठुकराया प्रस्ताव

डॉ. जैन ने कहा 1932 में पूना पैक्ट करते समय डॉ. भीमराव अंबेडकर और महात्मा गांधी ने अनुसूचित जाति के लिए आरक्षण पर सहमति व्यक्त की थी। दुर्भाग्य से 1936 से ही मिशनरी और मौलवी मतांतरित अनुसूचित समाज के लिए आरक्षण की मांग सड़क से लेकर संसद तक निरंतर उठाते रहे हैं। 1936 में महात्मा गांधी और डॉ. अंबेडकर ने इस मांग को अनुचित ठहराया था। संविधान सभा में भी जब इस मांग को पुनः उठाया गया तो संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर ने इसे देश विरोधी सिद्ध करते हुए ठुकरा दिया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी ने भी इस मांग को अनुचित करार दिया था।

इसी मांग को लेकर 1995 में दिल्ली में एक 10 दिवसीय धरने का आयोजन मिशनरियों के द्वारा किया गया था जिसमें सामाजिक समानता और सेवा की ध्वज वाहक माने जाने वाली मदर टेरेसा ने भाग लिया था। विहिप नेता ने आरोप लगाया कि बार-बार ठुकराने की बावजूद उनकी निरंतरता यह सिद्ध करती है कि उनके पीछे धर्मांतरण करने वाली अंतरराष्ट्रीय शक्तियां काम कर रही हैं।

### न्यायापालिका ने भी ठुकराई मांग

डॉ. सुरेंद्र जैन ने बताया कि संविधान सभा और संसद द्वारा बार बार ठुकराने पर वे न्यायपालिका में भी जाते रहे हैं और न्यायपालिका भी इनकी अनुचित मांग को ठुकराते रही है।

1985 में सुसाइ एवं अन्य विरुद्ध भारत सरकार मामले में तो सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट निर्देश दिया था कि मतांतरित अनुसूचित जाति को आरक्षण की मांग संविधान की मूल भावना के विपरीत है। इसके बावजूद 2004 में एक बार फिर से न्यायपालिका में गए जो मामला अभी तक लंबित है।

**वाल्मीकि महासभा उतरी विरोध में:** वाल्मीकि महासभा के अध्यक्ष एवं पूर्व न्यायाधीश पवन कुमार ने ईसाई मिशनरियों और मौलवियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अनुसूचित जाति के अधिकारों पर डाका डालने का उनका प्रयास सफल नहीं हो पाएगा। अनुसूचित जाति समाज किसी भी स्थिति में उनके षड्यंत्रों को सफल नहीं होने देगा।

## सिद्धि अनंता ग्रुप का दिवाली ड्रॉ निकाला



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सिद्धि अनंता ग्रुप की ओर से आयोजित दिवाली ड्रॉ के विजेताओं का सम्मान हुआ। सिद्धि अनंता के डायरेक्टर राजेंदर सिह चौहान ने बताया की सफारी ग्रुप के चेयरमैन प्रमोद गोयल, गोपालपुरा व्यापार मंडल के अध्यक्ष पवन गोयल, विश्व हिंदू रक्षा संघ न्यास के प्रदेश अध्यक्ष पवन भिंडा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। इस मौके पर ड्रॉ के विजेताओं संजय यादव को वॉशिंग मशीन, बीएल मीणा को एलईडी टीवी एवं कैलाश जाजोरिया को टीवीएस स्कूटर उपहार स्वरूप दिया गया। इस अवसर पर शिव प्रकाश, नरेंद्र सोनी, रोहित कुमार गुप्ता, आशीष दर्वानी आदि मौजूद रहे।

## राजस्थान रॉयल्स फिजियो ने जीती फिजियो प्रीमियर लीग

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सेहत साथी फाउंडेशन के द्वारा फिजियो प्रीमियर लीग (पीपीएल) का समापन अरावली क्रिकेट ग्राउंड में हुआ।

डॉ.अविनाश सैनी ने बताया कि इस लीग में छह राज्यों से फिजियोथेरेपिस्ट की टीमों ने हिस्सा लिया। जमीन जायदाद पीपीएल में विजेता रही राजस्थान रॉयल फिजियो विजेता टीम को एक लाख रूपए और सुंदर ट्रॉफी दी गई साथ ही उपविजेता पिंक सिटी किंग्स-11 टीम को 50 हजार और ट्रॉफी दी गई। फाइनल मैच में मो. इकबाल और डॉ. विमल सोनी अथिति के रूप में मौजूद थे, जमीन जायदाद से कमल मेहता, करन सैनी, 360डिग्री नी क्लिनिक से डॉ. दिलीप मेहता, एम. आई. एस स्पाइन क्लिनिक से डॉ.मुकेश हरिथवाल, केयर हेल्थ इंश्योरेंस, मेडिकल पार्टनर सी के बिरला हॉस्पिटल, एच सी जी हॉस्पिटल कैंसर केयर पार्टनर, एस. के. जे ज्वैलर्स, के के हेल्थ केयर, एवं पीपीएल मैनेजमेंट टीम मौजूद थी। डॉ. सुरेश चौधरी ने बताया कि तीन दिन में 9 टीमों ने 20 मैच खेले। इसमें पूरे भारत से करीब 200 फिजियो ने हिस्सा लिया।



## मुख्यमंत्री 21 को आमजन को समर्पित करेंगे सिटी पार्क

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जयपुरवासियों को सिटी पार्क की सौगात 21 अक्टूबर को मिलेगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत राजस्थान आवासन मंडल द्वारा मानसरोवर में विकसित सिटी पार्क का 21 अक्टूबर को शाम पांच बजे लोकार्पण करेंगे। आवासन मंडल आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि लोकार्पण समारोह मध्यम मार्ग स्थित पार्क के एंट्रेस प्लाजा पर आयोजित होगा। समारोह की अध्यक्षता नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री शान्ति कुमार धारीवाल करेंगे।

सांगानेर विधायक अशोक लाहोटी कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि होंगे। मुख्य सचिव उषा शर्मा, पुलिस महानिदेशक एमएल लाठर, नगरीय विकास विभाग के प्रमुख सचिव कुंजीलाल मीणा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। यहां राजस्थान का सबसे ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज, मेटल से बनी 17 कलाकृतियां लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

## राजीव अरोड़ा से मिले भारतीय राजनयिक

### हस्तशिल्प निर्यात को बूस्टर डोज



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** पांच देशों के भारतीय राजनयिकों के शिष्टमंडल ने राजस्थान निर्यात संवर्धन परिषद के अध्यक्ष राजीव अरोड़ा से शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने राजस्थान की उत्कृष्ट कला और संस्कृति से प्रेरित होकर अरोड़ा को 'इंडिया मिशन अबरोड' के अंतर्गत राजस्थानी हैंडीक्राफ्ट उत्पादों का वृहद प्रदर्शन करने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल में मोरक्को, बुलगारिया, नाम्बिया, अरमेनिया, दक्षिणी सूडान देशों के भारतीय राजनयिक शामिल रहे। इस दौरान आयुक्त उद्योग महेन्द्र पारख और मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीआर शर्मा भी उपस्थित रहे।

# मुद्रास्फीति चिंताजनक अवस्था में पहुंची

## खुदरा महंगाई दर में बढ़ोतरी से आरबीआई की मुश्किलें बढ़ीं

**खुदरा** महंगाई दर सितंबर में लगातार दूसरे महीने बढ़कर 7.41 फीसदी पर पहुंच गई, जो पिछले पांच महीने में सबसे ज्यादा है। इससे रिजर्व बैंक की परेशानी और बढ़ेगी। पिछले महीने खुदरा महंगाई दर में बढ़ोतरी की बड़ी वजह खाने की कीमतों में आई तेजी है, जो 22 महीने के शिखर पर जा पहुंची। अनाज और सब्जियों के दाम में तेजी की वजह सितंबर में देश के कई हिस्सों में हुई बारिश से सप्लाई में आई बाधा है, जो अस्थाई दिक्कत है। लेकिन कोर इंफ्लेशन भी ऊंची बनी हुई है। इसमें अनाज और पेट्रोल-डीजल जैसे ईंधन की महंगाई शामिल नहीं की जाती। सितंबर में कोर इंफ्लेशन 6.1 फीसदी के साथ चार महीने में सबसे अधिक रही। रिजर्व बैंक की परेशानी यह भी है कि पिछले 9 महीने से खुदरा महंगाई दर उसके लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है। आरबीआई ने इसके लिए 4 फीसदी का लक्ष्य तय किया है और 2 फीसदी कम या ज्यादा की फ्लेक्सिबिलिटी भी रखी है। जिस एक्ट के तहत रिजर्व बैंक काम करता है, उसमें कहा गया है कि 9 महीने तक खुदरा महंगाई दर के लक्ष्य से ऊपर रहने पर उसे सरकार को आने वाले वक्त में इसका अनुमान और उसे नियंत्रित करने के उपाय बताने होंगे। महंगाई कम करने और अमेरिका में ब्याज दरों में बढ़ोतरी की वजह से रिजर्व बैंक पिछले मई से कर्ज महंगा कर रहा है। कर्ज महंगा होने से डिमांड कम होती है, जिससे महंगाई पर अंकुश लगता है। मई से अब तक आरबीआई नीतिगत दरों में 1.9 फीसदी की बढ़ोतरी कर चुका है। अभी रेपो रेट 5.9 फीसदी है, जो कोरोना महामारी से पहले के स्तर से भी अधिक है। माना जा रहा है कि दिसंबर के पहले हफ्ते में भी आरबीआई ब्याज दरों में 0.35 फीसदी का इजाफा कर सकता है। इससे आर्थिक ग्रोथ पर दबाव बन सकता है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने हाल ही में वित्त वर्ष 2023 में जीडीपी ग्रोथ का अनुमान घटाकर 6.8 फीसदी कर दिया था, जबकि आरबीआई ने 7 फीसदी का अनुमान रखा है। ब्याज दरों में बढ़ोतरी से डिमांड में कमी आएगी, जिससे आगे चलकर ग्रोथ और कम हो सकती है। यूं भी अगले साल वैश्विक मंदी के आने का खतरा है। मंदी से भी ग्रोथ में कमी आएगी, जिसका असर अभी से निर्यात की कमी के रूप में दिखने लगा है। दूसरी तरफ, सरकार का ध्यान ग्रोथ बढ़ाने पर होगा। वह तब रिजर्व बैंक पर डिमांड और इंवेस्टमेंट बढ़ाने के लिए ब्याज दरों में कटौती का दबाव बना सकती है। महंगाई कम रखते हुए तेज ग्रोथ की बुनियाद पक्की करना आरबीआई के लिए आसान नहीं होगा, वह भी ऐसे दौर में जब यूक्रेन युद्ध और अमेरिका की मौद्रिक नीतियों की वजह से दुनिया भर में आर्थिक अनिश्चितता काफी बढ़ गई हो। लगातार नौ महीनों से मुद्रास्फीति छह प्रतिशत की अधिकतम निर्धारित सीमा से ऊपर है। सितंबर में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति 7.41 प्रतिशत रही, जो पांच महीने में सर्वाधिक है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल सितंबर में यह दर मात्र 4.35 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार इसका मुख्य कारण खाद्य वस्तुओं की महंगाई है। सितंबर में इन वस्तुओं की मुद्रास्फीति 8.60 प्रतिशत रही। यह 22 महीनों में सबसे अधिक है। मुद्रास्फीति की दर अनाज में 11.53, दुग्ध उत्पादों में 7.13, सब्जियों में 18.05 और मसालों में 16.88 प्रतिशत रही है। ईंधन व बिजली श्रेणी में भी यह दर 10 प्रतिशत से अधिक रही। इससे सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि पारिवारिक खर्च बढ़ता जा रहा है। ऐसे अनेक अध्ययन सामने आ चुके हैं कि मुद्रास्फीति के कारण लोगों, विशेष रूप से गरीब और निम्न आय वर्ग, को अपने आवश्यक उपभोग व व्यय में कटौती करनी पड़ रही है। कुछ राहत दाल की मुद्रास्फीति दर के केवल 3.05 प्रतिशत रहने से है, पर इसके दाम पहले ही बढ़ चुके हैं। खाद्य पदार्थों की महंगाई की एक बड़ी वजह यह है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण वैश्विक स्तर पर आपूर्ति बाधित हुई है। मानसून के आखिरी चरण में देश के कई हिस्सों में लगातार भारी बारिश ने सब्जियों के उत्पादन और वितरण पर असर डाला है, जिससे उनके दाम बहुत अधिक बढ़े हैं। रिजर्व बैंक ने दुनिया के कई केंद्रीय बैंकों की तरह मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने के लिए ब्याज दरों में बढ़ोतरी की है और दिसंबर में फिर वृद्धि का अनुमान है। इस साल के शुरू में तापमान बढ़ने से रबी फसलों का उत्पादन प्रभावित हुआ था, फिर कमजोर मानसून के कारण खरीफ की बुवाई कम हुई। उसके बाद सितंबर-अक्तूबर की बारिश ने खेती का नुकसान किया है। ऐसे में आगे भी अनाज के महंगे होने की आशंका है। रिजर्व बैंक का एक मुख्य कार्य मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत के आसपास रखना है, जिसमें विशेष परिस्थितियों में दो प्रतिशत ऊपर या नीचे होने की गुंजाइश है। भारतीय रिजर्व बैंक कानून के प्रावधान के अनुसार दो से छह प्रतिशत के बीच मुद्रास्फीति नहीं रख पाने पर रिजर्व बैंक को केंद्र सरकार के समक्ष स्पष्टीकरण देना होता है। तीन साल से मुद्रास्फीति चार प्रतिशत से ऊपर है तथा नौ महीने से यह छह प्रतिशत से भी अधिक है। अनेक विशेषज्ञ इसे रिजर्व बैंक की असफलता मानते हैं, तो कई जानकार विभिन्न कारकों को दोष देते हैं। दो साल से अधिक समय तक कोरोना महामारी की भयानक छाया भी अर्थव्यवस्था पर भारी रही है। इस कालावधि में जहां बड़ी संख्या में रोजगार छीन जाने से देश में बेरोजगारों की बड़ी फौज हो गई है जिसने सरकारों की योजनाओं पर भी ग्रहण लगा दिया है। उसी का परिणाम है कि विगत दो-तीन साल से केंद्र सरकार को मुफ्त अनाज योजना को चालू रखना पड़ा है। जब देश में एक बहुत बड़ी आबादी के पास दो जून की रोटी का प्रबंध नहीं कर पाने की विवशता हो तो स्थिति की भयावहता को समझा जा सकता है। उनके लिए तीज-त्यौहारों के भी कोई मायने नहीं है। लेकिन अब आशा है कि केंद्र सरकार और रिजर्व बैंक की आगामी बैठक में समाधान के लिए ठोस उपायों पर चर्चा होगी।




**पिछले 9 महीने से खुदरा महंगाई दर उसके लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है। आरबीआई ने इसके लिए 4 फीसदी का लक्ष्य तय किया है और 2 फीसदी कम या ज्यादा की फ्लेक्सिबिलिटी भी रखी है। जिस एक्ट के तहत रिजर्व बैंक काम करता है, उसमें कहा गया है कि 9 महीने तक खुदरा महंगाई दर के लक्ष्य से ऊपर रहने पर उसे सरकार को आने वाले वक्त में इसका अनुमान और उसे नियंत्रित करने के उपाय बताने होंगे। महंगाई कम करने और अमेरिका में ब्याज दरों में बढ़ोतरी की वजह से रिजर्व बैंक पिछले मई से कर्ज महंगा कर रहा है। कर्ज महंगा होने से डिमांड कम होती है, जिससे महंगाई पर अंकुश लगता है। मई से अब तक आरबीआई नीतिगत दरों में 1.9 फीसदी की बढ़ोतरी कर चुका है। अभी रेपो रेट 5.9 फीसदी है, जो कोरोना महामारी से पहले के स्तर से भी अधिक है।**

# भूख के बावजूद भारत एक उम्मीद

**आलोक जोशी**

**विश्व** गुरु के घोष पर हर्षोल्लास व कटाक्ष का सिलसिला देश के भीतर और विदेश में बसी भारतीय बिरादरी के बीच तो खूब चला है, पर अब ऐसा लग रहा है कि पूरी दुनिया में भारत का डंका बजने वाला है, खासकर विश्व की अर्थव्यवस्था में। सबसे महत्वपूर्ण बयान आए हैं अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की तरफ से। आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा का कहना है कि इस वक्त दुनिया के आर्थिक क्षितिज पर जो अंधकार दिख रहा है, उसमें भारत को एक प्रकाश पुंज की तरह देखना पड़ेगा। इसकी एक वजह यही है कि मुश्किल दौर में भी भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ती रही।

हालांकि, एक ही भारत के अलग-अलग पहलू हैं। एक पहलू यह भी है, जो ताजा ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2022 के आंकड़े दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। भारत छह पायदान नीचे खिसककर 121 देशों में 107वें स्थान पर पहुंच गया है। वैश्विक सूची में भारत दक्षिण एशियाई देशों में सिर्फ युद्धग्रस्त अफगानिस्तान से बेहतर बताया गया है। मतलब, विशाल आबादी वाले देश में भूख एक पहलू है।

लेकिन कुल मिलाकर, एक मजबूत भारत भी है, जो एक साल के लिए जी-20 की अध्यक्षता करने जा रहा है। जी-20 असल में 19 राष्ट्रों और यूरोपीय संघ के सारे देशों को मिलाकर बना है। दुनिया की जीडीपी का लगभग 80 प्रतिशत और अंतरराष्ट्रीय व्यापार का 75 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा जी-20 के सदस्य देशों से आता है। आगामी 1 दिसंबर से भारत इसका अध्यक्ष बनेगा, और इसके बाद एक साल के भीतर उसे इस समूह की 200 से ज्यादा बैठकों की मेजबानी करनी है। क्रिस्टालिना जॉर्जीवा का कहना है कि जिस वक्त भारत इस संगठन का नेतृत्व संभालने जा रहा है, वह खुद बहुत मजबूत स्थिति में है, और यह तय है कि इसके बाद भारत पूरी दुनिया पर छाप छोड़ेगा।

जॉर्जीवा ही नहीं, आईएमएफ के मुख्य अर्थशास्त्री पियरे ओलिवियर गौरिंचस का भी कहना है कि जिस वक्त पूरी दुनिया पर मंदी का खतरा मंडरा रहा है, भारत की तेज चमक तारीफ के काबिल है।

हालांकि, पिछले हफ्ते आईएमएफ ने भारत की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान घटा दिया, पर यह भी बताया है कि भारत दुनिया में सबसे तेज रफ्तार से बढ़ेगा। आईएमएफ ने 2021 में भारत की जीडीपी ग्रोथ की रफ्तार 8.7 प्रतिशत के मुकाबले 2022 में 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। उधर 2022-23 के लिए उसे लगता है कि भारत की जीडीपी में 6.1 फीसदी की बढ़त होगी, जबकि जनवरी में उसका अनुमान 8.2 प्रतिशत था, जो जून में घटाकर 7.4 प्रतिशत कर दिया गया था। फिर भी यह काफी है, क्योंकि इसी दौरान चीन में 4.4 प्रतिशत, अमेरिका में एक प्रतिशत, जापान में 1.6 प्रतिशत, यूरोपीय देशों में 0.5 प्रतिशत और ब्रिटेन में महज 0.3 प्रतिशत बढ़त का अनुमान है।

संभवतः यह भी एक बड़ी वजह है कि दुनिया को भारत में बड़ी उम्मीद दिख रही है और आईएमएफ के बयान उस उम्मीद की अभिव्यक्ति माने जा रहे हैं। भारत की अर्थव्यवस्था भले अभी 3.5 ट्रिलियन डॉलर के करीब हो, पर इसकी विशाल आबादी, आगे बढ़ता मध्यवर्ग और तेजी से फैलता बाजार पूरी दुनिया को बड़ी संभावना की तरह दिखता है। कारों व महंगे मोबाइल फोन की बिक्री के आंकड़े और ऑनलाइन खरीद-बिक्री या डिजिटल लेन-देन की रफ्तार व आकार, दुनिया के अनेक देशों को हैरान कर देते हैं।



वैसे, आईएमएफ की तरह विश्व बैंक ने भी हाल में भारत की ग्रोथ का अनुमान घटाया है। पहले जहां उसे उम्मीद थी कि वित्त वर्ष 2022-23 में भारत 7.5 प्रतिशत बढ़ेगा, वहीं अब उसका अनुमान 6.5 प्रतिशत ही रह गया है। दक्षिण एशिया पर अपनी द्विवार्षिक रिपोर्ट में उसने कहा है कि अनिश्चितता और कर्ज महंगा होने की वजह से भारत में निजी क्षेत्र का निवेश मंदा रहने का डर है। दुनिया भर में मांग कम होने का असर भी भारत के निर्यात पर पड़ सकता है।

इन सबके बावजूद आईएमएफ की तरफ से यह अनुमान साफ है कि भारत 2027-28 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। हालांकि, 2025 तक भारत को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का सपना 2025-26 में भी पूरा होता मुश्किल दिखता है, लेकिन साल 2027-28 में भारत की जीडीपी 5.36 ट्रिलियन डॉलर पर पहुंचने की उम्मीद है।

उस वक्त की तस्वीर देखें, तो तीसरे नंबर पर पहुंचने के बावजूद भारत 30.28 ट्रिलियन डॉलर वाले अमेरिका और 28.25 ट्रिलियन डॉलर वाले चीन से काफी पीछे दिखाई पड़ेगा। मगर अर्थशास्त्री हालात को बेहतर तरीके से दिखाने के लिए एक और फॉर्मूला इस्तेमाल करते हैं। इसे 'पर्चेजिंग पावर पैरिटी' (क्रय शक्ति क्षमता) कहा जाता है। मतलब यह कि किसी एक देश में कुछ खास सामान खरीदने के लिए कितनी रकम खर्च होती है, उसके मुकाबले वही सामान दूसरे देश में कितना खर्च करने पर मिलता है। इस आधार पर दोनों देशों की मुद्रा के बीच तालमेल का अनुपात बनाया जाता है, और फिर उन देशों की जीडीपी की तुलना भी उस अनुपात से की जाती है। जैसे ही आप इस पैमाने पर देखेंगे, तो पाएंगे कि 2027-28 में अमेरिका 42.05 ट्रिलियन डॉलर, चीन 30.28 ट्रिलियन डॉलर और भारत 17.85 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन चुके होंगे।

यह तस्वीर बहुत सुहानी दिखती है, जब तक आप यह न देखें कि दुनिया में अमीर और गरीब की खाई किस तेजी से बढ़ रही है। पिछले ही हफ्ते विश्व बैंक ने चेतावनी दी कि 2030 तक दुनिया के नक्शे से गरीबी मिटा देने का काम अपने लक्ष्य से बहुत दूर है। उसके ताजा अनुमान के मुताबिक, 2022 के अंत तक दुनिया में 68.5 करोड़ लोग बेहद गरीब होंगे। हाल ही में आई एक रिपोर्ट बताती है कि दुनिया में गरीबी की चपेट में फंसे लोगों में से 80 फीसदी भारत में हैं। इसके साथ ताजा हंगर रिपोर्ट को भी जोड़ा जा सकता है।

चुनौती दुनिया के स्तर पर और देश के स्तर पर एक ही है। अमीर इंसान और अमीर देश ज्यादा से ज्यादा अमीर और गरीब ज्यादा से ज्यादा गरीब हो रहे हैं। इसे कैसे रोका जाए और कैसे विकास की रफ्तार इतनी तेज हो कि सबकी जरूरतें पूरी करने की स्थिति आए? लगता तो यही है कि सब जगह हालात इतने खराब हैं कि अब सबको भारत में ही उम्मीद दिख रही है।

# प्रशासन से भ्रष्टाचार मिटने पर ही आएंगे जनता के 'अच्छे दिन'

**ललित गर्ग**

**प्रधानमंत्री** मोदी एवं उनकी सरकार अपने पिछले कार्यकाल से ही सरकारी दफ्तरों के कामकाज में सुधार लाने के प्रयास करती रही है। इसके लिए उसने कई कदम भी उठाए हैं, जिसमें हर कर्मचारी के समय पर दफ्तरों में पहुंचने और उनके काम करने पर निगरानी का तंत्र विकसित किया गया।

प्रशासनिक सुधार की जरूरत महसूस करते हुए नौकरशाहों को दक्ष, जिम्मेदारी, ईमानदार, कानूनों की पालना करने वाले एवं उनकी समयबद्ध कार्यप्रणाली की आवश्यकता लंबे समय से रेखांकित की जाती रही है। जबकि बार-बार ऐसे उदाहरण सामने आते रहे हैं जिनसे पता चलता है कि देश की नौकरशाही न केवल अदालतों के फैसलों का पालन करने-कराने में विफल हो रही है, बल्कि उनके भ्रष्टाचार से जुड़े मामले एवं लापरवाह नजरिया देश के विकास की एक बड़ी बाधा के रूप में सामने आ रहा है। निश्चित ही उनकी भ्रष्टाचारयुक्त कार्यप्रणाली, अपने आपको सर्वेसर्वा मानने की मानसिकता, जनता के प्रति गैरजिम्मेदाराना व्यवहार, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में कोताही, ये स्थितियां देश को अपने उद्देश्य हासिल करने में भी विफल कर रही हैं। उनके अहंकार का उदाहरण है राजस्थान के नागौर के एक एसडीएम और सरकारी डॉक्टर का एक-दूसरे से तू-तू मैं-मैं करना। भ्रष्टाचार के उदाहरणों में प्रमुख है झारखंड की खान सचिव और उनके करीबियों पर प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी में 19 करोड़ की राशि नगद मिलना एवं कानून की अनुपालना में कोताही का ताजा मामला आईटी अधिनियम की धारा 66-ए का है। नौकरशाह ही वास्तव में देश के विकास को गति देते हैं, लेकिन इनमें जब काम करने के बजाए पैसे कमाने की होड़ और काम अटकाने की प्रवृत्ति दिखाई देती है, तो निराशा होती है।

प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों से जिस तरह की अपेक्षाएं हैं, वे पूरी नहीं हो पा रही हैं, यह एक गंभीर चुनौती एवं त्रासद स्थिति है। अधिकारियों-कर्मचारियों में जब तक इन गुणों का अभाव बना रहेगा, जब तक भ्रष्टाचारमुक्त प्रशासन असंभव है, आम नागरिकों को परेशानियों से मुक्ति नहीं मिलेगी एवं सरकारी योजनाओं, कार्यक्रमों में अपेक्षित गति नहीं आ पाएगी। भले ही सरकार ने इसके लिए राष्ट्रीय सिविल सेवा क्षमता कार्यक्रम-मिशन कर्मयोगी की शुरुआत की हो। लेकिन सरकारी नौकरशाही तंत्र को सुधारने की दिशाएं उद्घाटित करने के साथ उन पर कठोर कार्रवाई का प्रावधान किया जाना अपेक्षित है। आजादी के करीब 75 साल बाद भी नौकरशाही पर कोई कठोर नियंत्रण की व्यवस्था न हो पाना बड़ी नाकामी हैं। केंद्र हो या राज्य, नौकरशाही को न तो कानून की परवाह है न ही अवमानना का डर। वजह साफ है कि नौकरशाही ने राजनीति से हाथ मिला लिया है और अपने आकाओं को खुश करने के लिए किसी भी कानून को ताक पर रखने से उन्हें परहेज नहीं है। इसके बदले उसे अपना उल्लू सीधा करने का मौका मिल रहा है।

सुप्रीम कोर्ट से आईटी अधिनियम की धारा 66-ए को अमान्य करार दिए जाने के बावजूद विभिन्न राज्यों में इसका दुरुपयोग लगातार जारी है। 2015 में ही श्रेया सिंघल मामले में सुप्रीम कोर्ट इस कानून को खत्म कर चुका है। विचारणीय यह है कि आखिर कार्यपालिका में बैठे वे कौन लोग हैं जिन्हें शीर्ष कोर्ट की अवमानना का भय भी नहीं है। करीब सात साल बाद सुप्रीम कोर्ट ने फिर इस पर चिंता जाहिर की है और देश में चल रहे सभी मुकदमों से इस धारा का संदर्भ हटाने का आदेश दिया है। इस कानून में प्रावधान था कि ऑनलाइन कंटेंट पर आपत्ति की शिकायत दर्ज होते ही किसी व्यक्ति को गिरफ्तार किया जा सकता है। इसके तहत उसे तीन साल की कैद और जुर्माने की सजा हो सकती थी। सुप्रीम कोर्ट मान चुका है कि ऐसा करना व्यक्ति की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन होगा। लेकिन अब भी देश में सैंकड़ों मामले चल रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को कहा था कि राज्यों के सचिवों से संपर्क कर आदेश का पालन कराया जाए। नौकरशाहों के लिए यह मान्यता रही है कि वे बिना राजनीति या अन्य किसी दबाव से प्रभावित हुए कानून के अनुसार अपना काम करेगा, ताकि न्याय का शासन बना रहे।



झारखंड की खान सचिव और उनके करीबियों पर प्रवर्तन निदेशालय को छापेमारी के दौरान करीब 19 करोड़ रुपए कैश बरामद हुए। आलम यह था कि बेड के नीचे छुपाए पैसों को गिनने के लिए मशीन तक मंगानी पड़ी। कार्रवाई में करीब 150 करोड़ की संपत्ति के दस्तावेज भी मिले। उच्च स्तर के प्रशासनिक अधिकारी के पास इतनी काली कमाई मिलने का यह कोई पहला उदाहरण नहीं है। इससे पहले और बाद भी न जाने कितने पूजा सिंघल पकड़े जाते रहे हैं। राजस्थान के नागौर स्थित जेएलएन अस्पताल का मामला अहंकार एवं पद के मद का है, जहां सरकारी डॉक्टर, एसडीएम सुनील सियाग से पर्ची कटवाए बगैर इलाज नहीं करने की बात कह रहे हैं। वहीं एसडीएम भी अपने पद का रौब जमाते हुए उसे देख लेने की बात कहते हैं। सवाल है कि जनता के लिए तैनात ड्यूटी डॉक्टर और जनसेवक एसडीएम आपस में ही जूतम-पैजार कर रहे हैं, तो आम जनता की सुध ये क्या खाक लेंगे?

नौकरशाहों की मनमानी पर अंकुश लगाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले वर्ष केंद्र एवं राज्य सरकारों में कार्यरत सभी आईएएस अधिकारियों को अपनी संपत्ति का विवरण देने और उसका स्रोत बताने के लिए कहा था। किसी अधिकारी ने परिवार से बाहर के किसी नाम पर अचल संपत्ति खरीदी हो तो उसका भी विवरण देना था। लेकिन अधिकांश नौकरशाह संपत्ति का विवरण देने में आनाकानी कर रहे हैं। सरकार अपने स्तर पर ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई रही है। इसके अलावा कई नाकारा वरिष्ठ अधिकारियों को सरकार ने जबरन रिटायर भी किया है। लेकिन इन सब प्रयासों के बाद भी नौकरशाहों के रवैये में बहुत ज्यादा बदलाव नहीं देखने को मिलता। इन पर अब तक कानून का चाबुक वांछित सख्ती से पड़ा भी ही नहीं। इक्का-दक्का मामले ही ऐसे सामने आते हैं जब नौकरशाही पर कोई ठोस कार्रवाई हो पाती है। होती भी है तो कुछ समय के बाद वह अपना दामन बचा ले जाने में सफल हो जाते हैं। चोर-चोर मौसेरे भाई की तर्ज पर एक-दूसरे की मदद करने वाली भ्रष्ट नौकरशाही को बदलने का समय आ गया है। पुराने नौकरशाहों से भले ही ज्यादा उम्मीद न हो पर नए नौकरशाहों को जरूर स्थिति बदलने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। इसके लिए व्यवस्था में आमूल-चूल परिवर्तन करना होगा।

ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल ने साल 2018 की करप्शन इंडेक्स रिपोर्ट में भ्रष्टाचार के मामले में भारत की स्थिति पहले से बेहतर हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी भाजपा सरकार अपने पिछले कार्यकाल से ही सरकारी दफ्तरों के कामकाज में सुधार लाने के प्रयास करती रही है। इसके लिए उसने कई कदम भी उठाए हैं, जिसमें हर कर्मचारी के समय पर दफ्तरों में पहुंचने और उनके काम करने पर निगरानी का तंत्र विकसित किया गया। उनकी जवाबदेही सुनिश्चित की गई। इन कारणों से थोड़ा-बहुत सुधार हुआ भी है, तो वह बहुत ऊंचे स्तर पर, लेकिन कुल मिलाकर इतना अप्रभावी कि उसे ऊंट के मुंह में जीरा से अधिक कुछ नहीं कहा जा सकता।

भ्रष्टाचार शासन एवं प्रशासन की जड़ों में पेठा हुआ है, इन विकट एवं विकराल स्थितियों में एक ही पंक्ति का स्मरण बार बार होता है, 'घर-घर में है रावण बैठा इतने राम कहां से लांऊ।' भ्रष्टाचार, बेईमानी और अफसरशाही इतना हावी हो गए हैं कि सांस लेना भी दूभर हो गया है। राशन कार्ड बनवाना हो, ड्राइविंग लाइसेंस बनवाना हो, डीडीए में मकान/फ्लैट को फ्रीहोल्ड करवाना हो, चालान जमा करना हो, स्कूल में प्रवेश लेना, सरकारी अस्पताल में इलाज कराना हो और यहां तक कि सांस लेना हो तो उसके लिए भी रिश्वत की जरूरत पड़ती है। प्रशासनिक सुधार आयोग का कहना है कि राजनीतिक कार्यपालिका व स्थाई नौकरशाही के मध्य दायित्वों का सुस्पष्ट निर्धारण होना जनता के कल्याण व सुशासन की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है। ऐसे कर्मयोगी अर्जुनरूपी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जरूरत है जो अपने अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा, काम के प्रति जवाबदेही, जनता की सेवा और संकल्प की बदौलत हमारे लिए धूप के टुकड़े बनें और काले सिस्टम में रोशनी देते रहे। अपने-अपने कुरुक्षेत्र में हर अर्जुन के सामने अपने ही लोग होते हैं जिनसे उन्हें लड़ना होता है। यह हर अर्जुन की नियति है।

## राशिफल

**आज दिनांक 18 अक्टूबर, 2022, मंगलवार, विक्रम संवत 2079, कार्तिक माह कृष्ण पक्ष नवमी, पुष्य नक्षत्र, कौलव करण, सिद्ध योग, राहुकाल: सुबह 3:03 से 4:29 बजे तक, सूर्योदय सुबह 6:28 बजे, सूर्यास्त शाम 5:55 बजे, चंद्रोदय रात 12.39 बजे, चंद्रास्त दोपहर 1:46 बजे, अभिजीत मुहूर्त सुबह 11:49 से 12:34, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:52 से 5:40 बजे तक, चंद्रमा कर्क राशि में संचार करेगा।**

मेष: लंबे समय से चली आ रही अपनी बीमारी का इलाज अपनी मुस्कान से करें, क्योंकि यह सभी परेशानियों की सबसे कारगर दवा है। बीते दिनों में जितना धन आपने आज को बेहतर बनाने के लिए इंवेस्ट किया था उसका फायदा आज आपको फायदा मिल सकता है। बीते दिनों की मीठी यादें आपको व्यस्त रखेंगी। दफ्तर में स्नेह का माहौल रहेगा।

वृषभ: जो धुंध आपके चारों तरफ छाई हुई है और आपकी प्रगति को बाधित कर रही है, उससे बाहर निकलने का समय है। अपने गुस्से पर काबू रखें और ऑफिस में सबके साथ ढंग से व्यवहार करें अगर आप ऐसा नहीं करते तो आपकी जॉब जा सकती है।

मिथुन: अपनी ऊर्जा का इस्तेमाल किसी मुश्किल में फंसे इंसान की मदद करने के लिए करें। याद रखें- यह शरीर तो एक-न-एक दिन मिट्टी में मिलने वाला है, अगर यह किसी के काम न आ सके तो इसका क्या फायदा? आज आपको बेवजह पैसा खर्च करने से खुद को रोकना चाहिए नहीं तो जरूरत के समय आपके पास पैसे की कमी हो सकती है।

कर्क: आज का दिन ऐसे काम करने के लिए बेहतरीन है, जिन्हें करके आप खुद के बारे में अच्छा महसूस करते हैं। आपका कोई पुराना मित्र आज कारोबार में मुनाफा कमाने के लिए आपको सलाह दे सकता है, अगर इस सलाह पर अमल करते हैं तो आपको धन लाभ जरूर होगा।

सिंह: अपनी इच्छाओं की पूर्ति के लिए व्यक्तिगत संबंधों का इस्तेमाल करना आपके जीवनसाथी को नाराज कर सकता है। सिर्फ अक्लमंदी से किया गया निवेश ही फलदायी होगा- इसलिए अपनी मेहनत की कमाई सोच-समझ कर लगाएं। संबंधी आपके उदार स्वभाव का गलत फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। चौकन्ने रहें, नहीं तो बाद में पछताना पड़ेगा।

कन्या: शारीरिक लाभ के लिए, विशेषकर मानसिक तौर पर मजबूती हासिल करने के लिए ध्यान और योग का आश्रय लें। बाकी दिनों के मुकाबले आज का दिन आर्थिक दृष्टि से अच्छा रहेगा और आपको पर्याप्त धन की प्राप्ति होगी। बच्चों से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए थोड़ा समय अलग से निकालें।

तुला: मानसिक शांति के लिए तनाव के कारणों का समाधान करें। धन आपके लिए जरूरी है लेकिन इसे लेकर इतने संजीदा न हो जाएं कि अपने रिश्तों को ही खराब कर दें। यह वक्त समझने का है कि गुस्सा छोटा-पागलपन यह आपको भारी नुकसान की तरफ धकेल सकता है।

वृश्चिक: अपने जीवन-साथी के साथ पारिवारिक समस्याओं को साझा करें। एक-दूसरे को फिर से भली-भांति जानने के लिए थोड़ा और वक्त एक-दूसरे के साथ बिताएं और खुद की स्नेही जोड़े की छवि को मजबूत करें। आज सट्टेबाजी से फायदा हो सकता है।

धनु: प्यार, उम्मीद, सहानुभूति, आशावादिता और निष्ठा जैसी सकारात्मक भावनाओं को अपनाने के लिए खुद को प्रोत्साहित करें। एक बार ये गुण आपके अंदर रच-बस जाएं, तो हर हालात में वे खुद ही सकारात्मक तरीके से उभर आएंगे। नए करार फायदेमंद दिख सकते हैं।

मकर: अपने दिन की शुरुआत कसरत से करें- यही वक्त है जब आप अपने बारे में अच्छा महसूस करने की शुरुआत कर सकते हैं- इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करें और नियमित रखने की कोशिश करें। परिवार के सदस्यों का आपके जीवन में विशेष महत्व होगा।

कुंभ: अपने आहार पर नियंत्रण रखें और चुस्त-दुरुस्त रहने के लिए नियमित व्यायाम करें। अपने धन का संचय कैसे करना है यह हुनर आज आप सीख सकते हैं और इस हुनर को सीख कर आप अपना धन बचा सकते हैं। मेहनत करके ही आप सही परिणाम पा पाएंगे।

मीन: आज आपके पास अपनी सेहत और लुक्स से जुड़ी चीजों को सुधारने के लिए पर्याप्त समय होगा। ऐसा लगता है आप जानते हैं कि लोग आपसे क्या चाहते हैं- लेकिन आज अपने खर्चों को बहुत ज्यादा बढ़ाने से बचें। जीवनसाथी जिंदगी में बदलाव लाने में मदद करेगा।

## अच्छा बुरा

**प्रेरक प्रसंग**

एक गांव में दो भाई रहते थे उनमें से एक बड़ा बिजनेसमैन था जिसका पूरे देश भर में नाम, प्रतिष्ठा थी तो दूसरा निठल्ला और नशा करता था। लोगों को उन दोनों भाइयों को देखकर आश्चर्य होता था कि आखिर दोनों में इतना अंतर क्यों है? कुछ लोगों ने इसका पता लगाने का निश्चय किया और शाम को दोनों भाइयों के घर पहुंचे अंदर घुसते ही उन्हें नशे में धुत एक व्यक्ति दिखा। उन्होंने उससे पूछा तुम बेवजह लोगों से लड़ाई झगड़ा करते हो? आखिर यह सब करने की वजह क्या है? 'मेरे पिता' - उसने उत्तर दिया। वह बोला मेरे पिता शराबी थे वे अक्सर मेरी मां और हम दोनों भाइयों को पीटा करते थे ऐसे में तुम लोग मुझसे और क्या उम्मीद कर सकते हो इसलिए मैं भी अपने पिता के जैसा ही बन गया हूं। फिर वे दूसरे भाई के पास गए। लोगों ने उससे भी वही प्रश्न किया आप इतने सम्मानित और प्रतिष्ठित बिजनेसमैन हैं इसकी वजह? 'मेरे पिता' - दूसरे भाई ने उसने उत्तर दिया। यह सुनकर लोगों को बहुत आश्चर्य हुआ उन्होंने पूछा 'भला वो कैसे?' वह बोला मेरे पिता शराबी थे, नशे में वह हमें मारते-पीटते रहते थे मैंने निश्चय कर लिया कि मैं ऐसा कभी नहीं बनूंगा। जीवन में जो कुछ भी घटता है उस के दो पहलू होते हैं एक अच्छा और दूसरा बुरा। जरूरत इस बात की है कि हम अच्छे पर ध्यान दें और वहीं से प्रेरणा लेने की कोशिश करें।

**शिक्षा** - अच्छा बुरा देखना और उसे जीवन में उतारना नजरिए पर निर्भर करता है। अच्छा सोचोगे तो अच्छा होगा, बुरा सोचोगे तो बुरा होगा।

## जो भी हूं आज मेहनत से हूं...

मत सुना तू मुझे,
अपने रसूख की
कहानी,
जो भी हूं आज
मेहनत से हूं।
मेरे पसीने से नफरत
है तुझे



पर सोचना कभी,
छैनी हथौड़े से
घड़ी मूरत हूं मैं॥

**-बृजमोहन बैरवा,**
अतिरिक्त जिला
कलेक्टर, कोटा

## सुडोकु 1218

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 4 | | 9 | | 2 | 3 |
| 9 | | 2 | | | 6 | | 1 | |
| 6 | | 3 | | 1 | 8 | | 5 | 7 |
| | | 9 | | 4 | | 8 | 3 | |
| 5 | | | 3 | | 1 | 2 | | |
| 1 | 3 | | | | 2 | | 4 | |
| 8 | 2 | | | 7 | | | | |
| 4 | | | | | 5 | 3 | 9 | |
| | | | | | 4 | 7 | | |

**संकेत:** आड़े, खड़े व 3 गुणा 3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। उत्तर अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा।

### सुडोकु 1217 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 6 | 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 2 | 1 | 8 |
| 8 | 5 | 2 | 1 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 7 | 8 | 5 | 6 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 1 | 8 | 5 |
| 1 | 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 8 | 9 | 2 |
| 2 | 9 | 6 | 8 | 3 | 1 | 5 | 4 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 2 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |


MANGALA
मंगला सरिया
AN ISO 9001:2015
& ISO 14001:2015
CERTIFIED Co.
MANGALA
बेमिसाल मजबूती का नाम...
मंगला ®
TMT BAR
ANGLE & CHANNEL

# सोशल मीडिया पर छिड़ी जुबानी जंग को लेकर वारदात

## दुकान में घुस कर युवक पर हमला, सिर और कान पर चोट आई

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सोशल मीडिया पर छिड़ी जुबानी जंग ने वारदात का रूप ले लिया। चाकसू इलाके में आधा दर्जन से अधिक बदमाशों ने एक दुकानदार पर हमला बोल दिया। हमले में उसके सिर और कान में चोटें आई हैं। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी है।

पुलिस के अनुसार वार्ड नंबर-19 निवासी अमित कुमार की घर में ही प्रेस की दुकान है। आरोप है कि वह सोमवार सुबह करीब 9 बजे



कपड़ों पर प्रेस कर रहा था। इस दौरान शशांक गौतम, बिट्टू सिंधी सहित आधा दर्जन से अधिक बदमाशों ने पाइप व लोहे की रॉड से हमला बोल दिया। बीच बचाव में आए अमित की पत्नी, मां और बेटा-बेटी के साथ भी मारपीट की गई। हमले में अमित का सिर और कान फट गए। जाते समय बिट्टू सिंधी दुकान में गल्ले में रखे 1500 रुपए निकाल ले गया। बदमाशों ने बाहर खड़ी स्कूटी को भी पाइपों से तोड़ दिया। पीड़ित ने बदमाशों पर रंगदारी मांगने का आरोप भी लगाया है।

### आपसी रंजिश में वारदात

**थानाधिकारी** यशवंत सिंह ने बताया कि अमित का भाई रवि भी बदमाश प्रवृत्ति का है, जिसका शशांक से झगड़ा चल रहा है। दोनों के बीच सोशल मीडिया पर एक-दूसरे को देखने की कई दिनों से जुबानी जंग चल रही है। शशांक पूर्व में मानसरोवर में हथियारों सहित पकड़ा जा चुका है। सोमवार को आरोपित शशांक अपने साथियों सहित रवि को पीटने आया था, लेकिन वह नहीं मिला और उसके भाई अमित और परिवार पर हमला कर फरार हो गए। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

क्राइम UPDATE

## मीडियाकर्मी से मारपीट मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

महानगर संवाददाता

**बाड़मेर।** बालोतरा थाना पुलिस ने पत्रकार से मारपीट कर उसका मोबाइल छीनने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार रविवार रात पत्रकार धर्मवीर दवे अपने कर्तव्य निर्वहन के लिए नया बस स्टैंड स्थित शराब के ठेके के पास गए थे। जहां समाजकंटकों ने उनके साथ मारपीट कर मोबाइल छीन लिया। इस पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर आरोपी चुतरा राम जाट (22) निवासी परेउ थाना गिड़ा एवं चुतरा राम (36) निवासी खारडा भारत सिंह को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से छीना गया मोबाइल जब्त किया है।



## जयपुर एयरपोर्ट पर पकड़ा 18.53 लाख का सोना

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लगातार सोना तस्करी के मामले सामने आ रहे हैं। कस्टम विभाग की टीम ने बीती रात एयरपोर्ट पर 355.80 ग्राम तस्करी का सोना बरामद किया है, जिसका बाजार मूल्य 18.53 लाख रुपए आंका गया है। अधिकारियों के अनुसार यात्री स्पाइस जेट विमान से दुबई से जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचा था, जहां पर कस्टम विभाग की टीम ने उसे सोने के साथ दबोच लिया। वहीं, बताया गया कि यात्री अपने सैंडल में पेस्ट फॉर्म के रूप में सोने को छुपाकर लाया था। कस्टम विभाग की डीसी नीलिमा खोरवाल ने बताया कि बीती रात एक यात्री को तस्करी के सोने के साथ एयरपोर्ट से दबोचा गया। यात्री दुबई से एसजी-58 फ्लाइट से जयपुर पहुंचा था। यात्री की चाल पर संदेह होने पर अधिकारियों ने उसे रोका और उसकी तलाशी ली। एक्स-रे मशीन में यात्री के बैग की जांच की गई। साथ ही पूछताछ करने पर भी यात्री ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया तो कस्टम अधिकारियों ने उसके सामानों की सघनता से जांच की।

## दिनदहाड़े 3 नकाबपोश बदमाशों ने बैंक में डाली डकैती, गोली लगने से कैशियर घायल

महानगर संवाददाता

**करौली।** जिले में सोमवार दोपहर दिनदहाड़े बैंक डकैती का मामला सामने आया है। यहां 3 नकाबपोश बदमाशों ने बैंक शाखा में फायरिंग की और डकैती डाली। एक गोली बैंक में तैनात कैशियर की जांघ में लगी है, जिसे गंभीर अवस्था में इलाज के लिए सपोटरा के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बैंक डकैती में 3 से 4 लाख रुपए का कैश लूटने का अंदेशा जताया जा रहा है। घटना करौली जिले के सपोटरा उपखंड के अमरगढ़ गांव की पंजाब नेशनल बैंक शाखा की है। शाखा प्रबंधक नमोनारायण मीणा ने बताया कि सोमवार दोपहर करीब 3 बजे तीन नकाबपोश बदमाश बैंक में डकैती डालने की नीयत से अंदर घुसे और फायरिंग करना शुरू कर दिया। फायरिंग में एक गोली बैंक में तैनात कैशियर दयाराम मीणा पुत्र रघुवीर मीणा की बायीं जांघ में लगी, जिससे कैशियर गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं बैंक में मौजूद बैंक एजेंट कुंजीगुप्ता बाल-बाल बच गया। शाखा प्रबंधक ने बताया कि बदमाश बैंक से 3 से 4 लाख रुपए के बीच केस लूटकर कर ले गए। अभी केस का मिलान नहीं किया गया है। इसलिए राशि का अभी पता नहीं चल पा रहा है कि बदमाश कितना कैश लूट कर ले गए। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस के अधिकारी बैंक शाखा में पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस बदमाशों की तलाश में जुट गई है।

## फर्जी पुलिस कांस्टेबल को पुलिस वर्दी में पकड़ा



महानगर संवाददाता

**धौलपुर।** जिले की यातायात पुलिस ने सोमवार शाम एक फर्जी पुलिस कांस्टेबल को रोडवेज बस स्टैंड के पास अवैध वसूली करते हुए गिरफ्तार किया है। फर्जी कांस्टेबल पुलिस की वर्दी में लंबे समय से फोर व्हीलर, बाइक और अन्य वाहनों से अवैध वसूली करता था। इसकी शिकायत यातायात पुलिस को मिल रही थी। यातायात पुलिस ने सुनियोजित तरीके से रैकी कर दबोच लिया है। फर्जी पुलिस कांस्टेबल से पुलिस पूछताछ करने में जुटी है। यातायात प्रभारी मंगतूराम ने बताया कि धौलपुर के हाइवे, बस स्टैंड समेत आस-पास के क्षेत्र में एक व्यक्ति फर्जी पुलिस कांस्टेबल बनकर फॉर व्हीलर्स, बाइक एवं अन्य वाहनों से गाड़ी के दस्तावेज, सीट बेल्ट, हेलमेट आदि का हवाला देकर अवैध वसूली करता था। फर्जी पुलिस कांस्टेबल की शिकायत लगातार ट्रैफिक पुलिस को मिल रही थी। उन्होंने बताया कि सोमवार को यातायात कर्मियों ने फर्जी पुलिस कांस्टेबल को गिरफ्तार करने के लिए जाल बिछाया और रोडवेज बसस्टैंड के पास आरोपी फर्जी पुलिस कांस्टेबल को पुलिस की ड्रेस में गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि फर्जी पुलिस कांस्टेबल की गतिविधि बिल्कुल भी पुलिसकर्मियों की नहीं थी। हाथों का संचालन उटपटांग तरीके से था। वर्दी पहनने का भी तरीका बिल्कुल अलग था। उन्होंने बताया कि फर्जी पुलिस कांस्टेबल पकड़कर जब पूछताछ की गई तो आरोपी ने सदर, कोतवाली, निहालगंज समेत अन्य पुलिस थानों में लगे होने का हवाला दिया। जब पुलिस थानों में फर्जी पुलिस कांस्टेबल की जानकारी निकाली गई तो कुछ भी प्राप्त नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि फर्जी कांस्टेबल को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही के लिए निहालगंज थाना पुलिस को सुपुर्द किया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम भूरा शर्मा बताया है, जो शादी करने के लिए अवैध तरीके से पैसे एकत्रित करने का धंधा कर रहा था।

# कमिश्नरेट इलाके में हुक्का बारों पर छापे, 8 गिरफ्तार

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने शहर में चल रहे अवैध हुक्का बारों पर छापेमार कार्रवाई की है। पुलिस ने पांच हुक्का बारों पर दबिश देकर 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं, मौके से 13 हुक्का, 13 पाइप, 12 चिलम, कई फ्लेवर पैकेट सहित 2 डीजे जब्त किए गए है। वहीं 15 व्यक्तियों के खिलाफ कोटपा अधिनियम के तहत कार्रवाई कर 10 युवक-युवतियों को शांति भंग में गिरफ्तार किया गया है। डीसीपी (क्राइम) परिस देशमुख ने बताया कि जवाहर सर्किल, श्याम नगर, अशोक नगर, एयरपोर्ट एवं मानसरोवर थाना इलाके में



कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। सीएसटी ने आरोपित राजकुमार जैन निवासी नंदपुरी, विनोद कुमार यादव निवासी मनोहरपुरा, महावीर योगी निवासी जवाहर सर्किल, रामजीलाल गुर्जर निवासी चौथ का बरवाड़ा, विजयप्रकाश शर्मा निवासी नई दिल्ली, हाकमसिंह निवासी चितावा जिला नागौर और हरि धांधिया उर्फ रोहन निवासी जोधपुर को गिरफ्तार किया है। वहीं 15 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई कर 10 युवक-युवतियों को गिरफ्तार किया गया है।

## गांजा तस्करी में एक गिरफ्तार

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने



गांजा तस्करी में लिप्त गाड़िया लुहार एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से 3 किलो 500 ग्राम गांजा बरामद किया है। डीसीपी (क्राइम) परिस देशमुख ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर सन्नी गाड़िया लुहार त्रिवेणी पुलिया के पास झुग्गी झोपड़ी का रहने वाला है, जिसके कब्जे से 3 किलो 500 ग्राम गांजा बरामद किया गया। आरोपित ने आषु उर्फ कजोड़ सांसी एवं काली सांसी से 11 हजार रुपए प्रति किलो के हिसाब से गांजा खरीदना कबूल किया है। आरोपित सन्नी छोटी-छोटी पुड़िया, टोकन बनाकर ग्राहकों को 250 से 350 रुपए प्रति पुड़िया बेचता है।

# फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर ठगी, थमाया फर्जी सर्टिफिकेट

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** चित्रकूट थाना इलाके में अपनी बातों में फंसा



कर फ्रेंचाइजी दिला लाखों रुपए की इनकम का झांसा दे ठगी का मामला सामने आया हैं। इस संबंध में पीड़ित दुष्यंत खूंटेटा की ओर से जगदीश पारीक नामक आरोपी के खिलाफ चित्रकूट पुलिस थाने में मामला भी दर्ज करवाया गया है। पीड़ित का दावा है कि ठगी के शिकार वे अकेले नहीं बल्कि 50-60 लोग हुए हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

जांच अधिकारी एएसआई तेजराम के मुताबिक पीडित दुष्यंत खुंटेटा निवासी श्री रामनगर झोटवाड़ा ने मामला दर्ज करवाया है कि साल 2017 में उसकी जान-पहचान आरोपित जगदीश पारीक से हुई थी, जिसने वैशाली नगर में अपना कार्यालय खोल रखा था। पीड़ित का आरोप है कि आरोपित जगदीश पारीक ने अपने बातों में फंसा कर कहा कि उनकी कम्पनी आई मेमोरी स्कूल फाउण्डेशन व हेलन किलर मिडब्रेन क्लासेस देने व प्रथम क्लास से दसवीं क्लास की वीडियो क्लासेस, मैथ्स, साइन्स और इंग्लिश का कोर्स कराते हैं, जिसकी फ्रेंचाइजी स्विट्जरलैण्ड, चीन आदि में है और अमेरिका में भी बच्चों की पढ़ाई का यही सिस्टम है। भविष्य में पूरे भारत में उन्हीं से लोग इस तरह की क्लासेस सरकार से मिलकर चलाने वाले हैं, जिसके लिए सरकार से उनकी वार्ता चल रही है। वह स्वयं अमेरिका से पीएचडी करके आया है। हमने पूरे भारत में लगभग दो लाख लोगों को ट्रेनिंग दी है उनका मुख्य उद्देश्य भारत को विश्वगुरु बनाना है।

इस कम्पनी से जुड़ते हो तो अतिशीघ्र ही लाखों करोड़ों का कार्य मिलेगा। उनकी एकेडमी के सौ से ज्यादा बच्चे विश्व रिकार्ड बना चुके हैं। इस तरह की अपनी चिकनी चुपड़ी बातों में पीड़ित को अपने साथ जुड़ने के लिए फंसा लिया। आरोपित जगदीश पारीक ने पीड़ित को कहा कि पहले इस काम के लिए तीन दिन की ट्रेनिंग के लिए 15 हजार रुपए आपको नगद जमा कराने होंगे। अगर उसके बाद फ्रेंचाइजी लेनी है, तो एक वर्ष के लिए 1 लाख 50 हजार रुपएअदा करना होगा, जिससे आपके और हमारे मध्य एक एग्रीमेन्ट तैयार होगा, उससे होनी वाली समस्त आय व उसका मुनाफा आपके व हमारे मध्य 80-20 प्रतिशत बांटा जायेगा अर्थात 80 प्रतिशत फ्रेंचाइजी होल्डर का होगा और 20 प्रतिशत एकेडमी का होगा। इस पर पीड़ित राजी हो गया और 15 हजार रुपए ट्रेनिंग के बाद फ्रेंचाइजी के लिए डेढ़ लाख रुपए भी दे दिए। आरोपित द्वारा आईब्रेन रिसर्च इंस्टीट्यूट के नाम का एक फर्जी बेसिक कोर्स सर्टिफिकेट दे दिया गया, जिसके बाद पीड़ित सीकर जिले के श्रीमाधोपुर में एक कार्यालय लेकर बच्चों को कोर्स कराने लगा। एग्जाम नजदीक आने पर जब पीड़ित की ओर से सम्पर्क किया गया तो आरोपित जगदीश पारीक ने एग्जाम कराने के नाम पर एक लाख रुपए और ले लिए, जिसके बाद से फोन उठाना बंद कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि जगदीश पारीक पिछले 5 वर्षों में 13 कम्पनियों अथवा फर्मों के साथ 12 से ज्यादा कार्यालय बदल चुका है। हर पार्टनर व निदेशक के साथ इस तरह की ठगी करने का आदतन है ।




INDUSTRY-LEADING PORTFOLIO OF ADDITIVES FOR PVC PROCESSING

- Individual Heat Stabilizers
- Lead Based One Pack
- Ca/Zn based stabilizers
- Metallic Stearates
- Liquid Mixed Metal Stabilizers
- Metal Oxides
- Synthetic Waxes
- Process Modifiers for Extrusions
- Special Additives & Lubricants

WALDIES COMPOUND LIMITED Since 1858

Kolkata - Headquarters
A-3/6, Gillanders House,
8, Netaji Subash Road, Kolkata - 700 001
(+91) 9903767000 ; (033) 2262 3927
www.waldies.com | info@waldies.com

virichem DUCATUS GRIFFIN

नवनियुक्त सहायक जनसम्पर्क अधिकारियों की पांच दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला शुरू

# जनता की भलाई हो जनसम्पर्क का मकसदः चांदना

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** सूचना एवं जनसम्पर्क राज्यमंत्री अशोक चांदना ने कहा कि जनसम्पर्क का उद्देश्य प्रदेश की जनता की भलाई होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मीडिया, न्याय तंत्र, शासन, प्रशासन और सभी विभागों का कार्य जनता की भलाई है। यदि इस लक्ष्य को ध्यान में रखकर कार्य किया जाए तो आमजन का कल्याण होगा। उन्होंने कहा कि आजकल नकारात्मक प्रचार बहुत तेजी से फैलता है और इसके लिए कृत्रिम बुद्धिमता को बड़े स्तर पर काम में लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसे रोकने के लिए जनसम्पर्क कर्मियों को अधिक तेजी और प्रभावी तरीके से काम करना होगा। चांदना सोमवार को नवनियुक्त सहायक जनसम्पर्क अधिकारियों के लिए हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय में आयोजित पांच दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला के उद्घाटन कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। नवनियुक्त अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए राज्य मंत्री ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के महत्व और जरूरत पर जोर दिया और कहा कि वर्षों के अनुभव से हम जो कुछ प्राप्त करते हैं, उसे हम कार्यशाला में आसानी से सीख सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार से बड़ा कोई तंत्र नहीं और जनता से बड़ी कोई ताकत नहीं। इस तंत्र और जनता के बीच संबंध स्थापित करने का कार्य जनसंपर्ककर्मी का है। हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सुधी राजीव ने कहा कि जनसम्पर्ककर्मी शब्द शिल्पी है और उन्हें इस शिल्प कला का उपयोग जनता और सरकार के बीच के संबंध को अधिक प्रभावी और मजबूत बनाने में करना चाहिए।

## सरकार और जनता का सेतु है जनसम्पर्कः जोशी

**इस** अवसर पर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि और सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के अतिरिक्त निदेशक अरुण जोशी ने कहा कि जनसम्पर्क विभाग सरकार की आंख नाक और कान है और यह सरकार व जनता के बीच सेतु की तरह काम करता है। इसके लिए जनसम्पर्ककर्मी को जनता के बीच रहकर हर तरह की खबरों की जानकारी रखनी चाहिए और सकारात्मक सम्पर्क स्थापित करने चाहिए। जोशी ने विभाग के इतिहास में सबसे ज्यादा पदों पर सहायक जनसम्पर्क अधिकारियों की भर्ती के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार जताया।

प्रशिक्षण कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को विवि. की अकादमिक समन्वयक शालिनी जोशी, कार्यशाला समन्वयक डॉ. ऋचा यादव एवं प्रोफेसर मनोज लोढ़ा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रतन सिंह शेखावत ने किया। इसके बाद आयोजित सत्र में वरिष्ठ पत्रकार गोविंद चतुर्वेदी, वित्तीय सलाहकार सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग सुभाष दानोदिया एवं निदेशक पब्लिक सर्विसेज डॉ. ओम प्रकाश बैरवा ने विभिन्न विषयों पर अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया।

# श्री राजपूत सभा की प्रतिनिधि बैठक सम्पन्न

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** श्री राजपूत सभा भवन की ओर से कोरोना के बाद और पूर्व अध्यक्ष गिरिराज सिंह लोटवाड़ा के देवलोकगमन के बाद में हुए चुनावों के बाद पहली प्रतिनिधि सभा सम्पन्न हुई। इसमें अध्यक्ष रामसिंह राजावत ने सभा को संबोधित किया तो कोषाध्यक्ष प्रद्युम्न सिंह ने आय-व्यय का लेखा-जोखा सभी के सामने पेश किया। साथ ही संगठन मंत्री धीर सिंह ने आगामी संगठन को लेकर होने वाली सभी गतिविधियों को प्रस्तुत किया। महामंत्री बलवीर सिंह ने गांव के हिसाब से समाज का डेटा एकत्रित करने की बात कही। वहीं अनेक राजपूत सरदारों ने विधवाओं के हितार्थ सिलाई मशीन और दूसरे स्वरोजगार के साधन उपलब्ध कराने की मांग भी प्रमुखता के साथ रखी। साथ ही तय चौराहों पर महाराणा प्रताप और वीर दुर्गादास राठौड़ की प्रतिमाओं को स्थापित करने मांग का सभी ने समर्थन किया।

# सरकारी दीवार पर कॉलोनीवासियों ने पुतवाया गुलाबी रंग


महानगर संवाददाता





**जयपुर।** दीपावली पर्व के मद्देनजर सेठी कॉलोनीवासियों ने चेतना कच्ची बस्ती हटने के बाद बनी दीवार पर अपने खर्चे से गुलाबी रंग पुतवाया है। हाल ही में नगर निगम, जेडीए, न्यायालय के आदेश और पूर्व राजनयिक डॉ. मोक्षराज व समाजसेवी विनोद कुमार सिंघी के सहयोग से चेतना बस्ती के 286 परिवारों को सरकारी आवास प्रदान किए गए थे। बस्ती के पुनर्वास होते ही जेडीए ने यहां पक्की दीवार बनाकर प्लास्टर तो करा दिया था, किंतु रंग रोगन नहीं हो सका था। कुछ दिन बाद ही स्थानीय पार्षद नीरज अग्रवाल ने यहां ब्लॉक लगवाकर फुटपाथ भी बनवा दिया। कॉलोनीवासी इस मार्ग को और अधिक सुंदर देखना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने नगर निगम से दीवार पर रंग-रोगन कराने की मांग की थी, लेकिन वहां से इस विषय में सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया। इसके बाद समाजसेवी विनोद कुमार सिंघी ने बताया कि फिर सभी कॉलोनीवासियों ने अपने खर्चे से रंग-रोगन कराने का बीड़ा उठाया। इसके बाद सिंघी के अलावा, डॉ. संजय करेडिया, डॉ. एस.पी. शर्मा, राजेन्द्र गोधा, नितेश अग्रवाल, अजय भार्गव ने दीवार पर गुलाबी रंग कराया और उन पर जयपुर की विशेष कलाकृतियां भी बनवाई। अब इस क्षेत्र का नजारा ही बदल गया है।








25 ANNIVERSARY
जयपुर महानगर टाइम्स
को रजत जयंती की
हार्दिक बधाई
Happy
DIWALI
Steel Bars
Steel Beams
Steel Coils
Steel Plates
Steel Sheets
Wholesale Steel
राजस्थान
के
अग्रणी
स्टील
वितरक
R.K.STEELS
सी-175 ए रोड नम्बर-9, वीकेआई एरिया-जयपुर-302012


आप सभी को
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं!!
मां लक्ष्मी आप सभी को सुख समृद्धि एवं
सफलता प्रदान कर प्रकाशवान बनाएं
सर्वेश्वर शर्मा
प्रदेश प्रभारीः मिशन निरोगी हिंदुस्तान एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य
भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ, राजस्थान
प्रदेश अध्यक्षः इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन
प्रदेश संह-सयोजक विप्र फाउंडेशन चिकित्सा प्रकोष्ठ


जयपुर महानगर टाइम्स परिवार को रजत जयंती की शुभकामनाएं
संस्कृति चिल्ड्रन्स एकेडमी
प्ले ग्रुप से 8 डे बोर्डिंग एंड डे केयर स्कूल
अशोक कुमार शर्मा
प्रधानाचार्य
आयुष कुमार शर्मा
प्रबंध संचालक
बी-100-101, 02-03, किशोर नगर, गणेश नगर, मुरलीपुरा, जयपुर, राजस्थान 302039


जयपुर महानगर टाइम्स परिवार को रजत जयंती एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
SêQR TMT BARS FOR SAFE HOMES
Now Available Online
SeQR 550D
TMT BARS
www.sailsuraksha.com
JUST CLICK IT
BOOK!
TRACK!
ENQUIRE!
Welcome to the Online World of
SAIL SeQR 550D TMT Bars !!
Find us/Log on
www.sailsuraksha.com
स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड
STEEL AUTHORITY OF INDIA LIMITED
There's a little bit of SAIL in everybody's life
स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड
STEEL AUTHORITY OF INDIA LIMITED
AUTHORISED DISTRIBUTER
GAYATRI METALLOID, JAIPUR
M. 9799494386

APEX HOSPITALS




## " महानगर टाइम्स के रजत वर्ष पर शुभकामनाएँ "

# राजस्थान का पहला
# सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल नेटवर्क

हमारी विशेषज्ञ सेवाएं

### मेडिसिन विभाग
- इंटरनल मेडिसिन
- मधुमेह, बीपी, थायराईड

### श्वास रोग विभाग
- अस्थमा, टीबी, एलर्जी
- प्री एंड पोस्ट कोविड केयर

### सर्जरी विभाग
- जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- जी.आई. सर्जरी
- मोटापा रोग सर्जरी (बेरिएट्रिक)

### हृदय रोग विभाग
- हृदय रोग परामर्श
- एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी व पेसमेकर
- समस्त हृदय रोग (बाईपास)
- वाल्व सर्जरी

### कैंसर रोग विभाग
- कैंसर रोग सर्जरी
- मेडिकल ऑन्कोलॉजी
- रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
- कीमोथैरेपी
- रक्त रोग परामर्श एवं निदान
- बोन मेरो ट्रांस्प्लान्ट

### हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग
- हड्डी एवं जोड़ रोग परामर्श एवं निदान
- समस्त फ्रैक्चर सर्जरी
- घुटना एवं कुल्हे का प्रत्यारोपण, ऑर्थोस्कॉपी
- फिजियोथैरेपी एवं रिहैबिलिटेशन

### न्यूरोलॉजी विभाग
- समस्त न्यूरो एवं मस्तिष्क
- रोग परामर्श
- न्यूरो सर्जरी
- स्पाईन सर्जरी

### पेट, लीवर व आंत रोग विभाग
- पेट रोग परामर्श एवं निदान
- एण्डोस्कॉपी
- ई.आर.सी.पी.

### कान, नाक, गला रोग विभाग
- नाक व कान रोग परामर्श व निदान
- एण्डोस्कॉपी ई.एन.टी. सर्जरी
- मुँह एवं गले का कैंसर

### ICU एवं इमरजेन्सी विभाग
- समस्त आपातकालीन एवं दुर्घटना
- ECMO

### यूरोलॉजी एवं नेफ्रोलॉजी विभाग
- समस्त किडनी व मूत्र रोग परामर्श व निदान
- प्रोस्टेट एवं पथरी रोग की लेसर सर्जरी
- किडनी ट्रांसप्लांट
- डायलिसिस

### चर्म रोग एवं कॉस्मेटिक डर्मेटोलॉजी
- समस्त चर्म रोग परामर्श एवं उपचार
- लेजर ट्रीटमेंट एवं हेयर ट्रांसप्लांट

### दन्त रोग विभाग
- दन्त रोग
- आर.सी.टी., इम्प्लांट
- ब्लैक फंगस सर्जरी

### वैस्कुलर पेरिफेरल रोग विभाग
- समस्त वैस्कुलर रोग परामर्श व सर्जरी
- वेरिकोज वेन्स सर्जरी
- डायबेटिक फुट
- हायब्रिड कैथ लेब

### प्लास्टिक व कॉस्मेटिक सर्जरी
- नि:शुल्क कटे होठ एवं तालू की सर्जरी

### समस्त जाँचे
- पैथोलॉजी, एम.आर.आई.
- सी.टी. स्कैन
- सोनोग्राफी, 2 डी ईको

सभी प्रमुख टी.पी.ए., आर.जी.एच.एस, ई.सी.एच.एस, सी.जी.एच.एस, ई.एस.आई.सी, व चिरंजीवी से अधिकृत

| हमारा नेटवर्क | जयपुर - मालवीय नगर | मानसरोवर | बीकानेर | सवाईमाधोपुर | झुंझुनू |
|---|---|---|---|---|---|
| | 0141-4101111 | 0141-4109999 | 9057958882 | 07462-234105 | 9413230444 |

क्यू.आर.कोड द्वारा

Patient Support : 9829030011 | 0141-4101108 | care@apexhospitals.com | www.apexhospitals.com | परामर्श बुक करने हेतु स्कैन करें

# विदेश में निशुल्क पढ़ेंगे 200 मेधावी बच्चे : सीएम



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोमवार को अपने आवास पर डूंगरपुर के सागवाड़ा स्थित दशा हूमड़ शिक्षण संस्थान से आए विद्यार्थियों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को उत्कृष्ट शिक्षा सुलभ कराना राज्य सरकार का ध्येय है। राज्य सरकार द्वारा 200 प्रतिभावान विद्यार्थियों को विदेश में निशुल्क पढ़ाने का प्रावधान किया गया है। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क तैयारी के लिए अनुप्रति कोचिंग योजना संचालित की जा रही है। आर्थिक रूप से कमजोर तबके के विद्यार्थियों को अंग्रेजी में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा निशुल्क उपलब्ध कराने के लिए सभी जिलों में महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खोले गए हैं। जल संसाधन मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीय ने कहा कि सरकार की नीतियों से वागड़ क्षेत्र ने शिक्षा में अभूतपूर्व प्रगति की है। 18 हजार दशा हुमड़ दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष दिनेश खोड़निया ने कहा कि संस्थान वागड़ क्षेत्र में उत्कृष्ट व आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराने का कार्य कर रहा है। इस अवसर पर टीएडी मंत्री अर्जुन सिंह बामनिया, वल्लभनगर विधायक प्रीति शक्तावत सहित शिक्षण संस्थान के विद्यार्थी और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## शिक्षा के अनुरूप जीवन को ढालें विद्यार्थी : कलराज

राज्यपाल कलराज मिश्र ने सोमवार को राजभवन में दशा हूमड़ शिक्षण संस्थान के विद्यार्थियो से संवाद किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ संस्कार-युक्त समाधान-केंद्रित शिक्षा देने का कार्य करें। राज्यपाल ने कहा कि विद्यार्थी शिक्षा के अनुरूप जीवन को ढालें और राष्ट्र के लिए समर्पित होकर कार्य करें। इस दौरान राज्यपाल ने विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब दिए।

# विश्व में बढ़ रहा है भारत का गौरव : हनुमान सिंह

## संघ शिक्षा वर्ग का दीक्षांत समारोह संपन्न



महानगर संवाददाता

**मेड़ता।** विश्व में हिंदू विचार तीव्र गति से प्रभावी होता जा रहा है। साथ ही भारत का गौरव भी पुनः स्थापित हो रहा है। यह विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य हनुमान सिंह ने व्यक्त किए। वे उत्तर पश्चिम क्षेत्र यानी राजस्थान के महाविद्यालय विद्यार्थियों के संघ शिक्षा वर्ग प्रथम वर्ष के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस 20 दिवसीय संघ शिक्षा वर्ग में चित्तौड़ प्रांत के 55, जयपुर प्रांत के 56 एवं जोधपुर प्रांत के 53 स्वयंसेवकों ने प्रशिक्षण लिया। समारोह में हनुमान सिंह ने कहा कि अमेरिका में न केवल मंदिरों की संख्या बढ़ी है, अपितु सड़कों के नाम भी हिंदू देवताओं के नाम पर रखे जा रहे हैं। विश्व के कई देशों में दीपावली मनाई जा रही है। कनाडा में नवंबर माह हिंदू आध्यात्मिक स्मृतियों को समर्पित किया गया है। भारत ने विश्व को योग निशुल्क दिया है। विश्व के लिए योग आर्थिक संबल भी है। इसे एक इंडस्ट्री के रूप में देख रहा है, जो कि कई बिलियन डॉलर की है। योग एवं ध्यान के महत्व को विश्व मानव समाज समझने लगा है। उन्होंने कहा कि भारत में लोग धर्म की बात ही नहीं करते, अपितु धर्म को जीते हैं। विश्व में भारत की परिवार व्यवस्था एवं जीवन मूल्यों के प्रति आकर्षण बढ़ता जा रहा है, किंतु आज आवश्यकता इस बात की है कि हम इन व्यवस्थाओं को और अच्छे से संजोकर नई पीढ़ी को दें और परिवार प्रबोधन करें। इस मौके पर रामविलास महाराज जोगाराम जी का स्थान कबीर आश्रम बासनी सेजा वालों ने इस अवसर पर संघ कार्य को अपना आशीष प्रदान किया। उद्योगपति एवं समाजसेवी दीनदयाल अग्रवाल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे। मंच पर वर्ग के अधिकारी सेवानिवृत्त कर्नल सुरेश कुमार जांगिड़ एवं मेड़ता जिला संघचालक श्यामसुंदर बिड़ला भी मौजूद रहे। वर्ग कार्यवाह ने प्रतिवेदन वाचन एवं आभार व्यक्त किया।

## देश में बढ़ रही हैं आतंकी एवं अराजक शक्तियां

सिंह ने सुरक्षा पर चर्चा करते हुए कहा कि अभी देश में आतंकी, असामाजिक एवं अराजक शक्तियां बढ़ रही हैं। विभाजनकारी संगठन सक्रिय हो जाते हैं, जो समाज में विघटन पैदा करते हैं। जनसंख्या असंतुलन से देश का अंग भंग हो गया, जहां हिंदू घटा वहां देश बंटा। उन्होंने आह्वान किया कि हम सभी ईश्वर प्रदत्त जलाशय, देवस्थान और दाह संस्कार स्थल के उपयोग में भेदभाव छोड़कर समरसता का व्यवहार करें। पूर्वजों द्वारा हुई चूक का परिमार्जन करने का दायित्व हमारा है। स्वयंसेवकों द्वारा हिंदू विचार प्रेरित, समाज की सज्जन शक्ति को साथ लेकर चलने वाली गतिविधियों में अपनी रुचि अनुसार जुड़कर प्रत्यक्ष सहभाग करें।

**जयपुर में 549 किलो नकली घी जब्तः** जिला प्रशासन द्वारा गठित जांच दल ने सोमवार को धाबास अजमेर रोड पर कृष्णा एवं सरस ब्रांड का नकली घी बनाने वाले पर कार्यवाही की। जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि यहां से 549 किलो नकली घी जब्त किया गया।






## आर्च कॉलेज में 'शुभ के पथ पर श्रीराम कार्यक्रम' का आयोजन

# 'जो राम का नहीं वह किसी काम का नहीं'

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** शुभ विचार संस्थान की ओर से मालवीय नगर स्थित आर्च कॉलेज में शुभ के पथ पर श्रीराम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रामचरितमानस की चौपाइयां पढ़ी गईं। इस मौके पर राजस्थान उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश गोवर्धन बाढ़धार और महानगर टाइम्स के संस्थापक संपादक गोपाल शर्मा भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर गोपाल शर्मा ने कहा कि जहां प्रकाश है, वहीं राम है और जो राम का नहीं, वह किसी काम का नहीं। इस दौरान उन्होंने चौपाइयों के माध्यम से श्रीराम की महत्ता बताई। उन्होंने वर्तमान समय में रामायण और हिंदू देवी-देवताओं के पात्रों, उनके लेखन और साहित्य के साथ जो खिलवाड़ की जा रही है, उस पर आपत्ति जताई। इस अवसर पर पूर्व न्यायाधीश गोवर्धन बाढ़धार ने कहा कि प्रत्येक नागरिक के लिए श्रीराम एक प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि जब देश आजाद हुआ तो संविधान निर्माण के समय कहा गया कि संविधान में राम राज्य को साकार करने वाला होना चाहिए। इस अवसर पर भारत शर्मा, रामबाबू अग्रवाल, डॉ. देवेन्द्र सिंह, कर्ण सिंह यादव, कन्हैयालाल बागड़ा, चंद्रदीप हाड़ा, शालिनी पारीक ने भी विचार व्यक्त किए। मंच संचालन डॉ. सीताभ शर्मा ने किया और उन्होंने रामचरितमानस की चौपाइयों का अर्थ समझाया। इस दौरान संगीत विषय की छात्राओं ने भी चौपाइयों एवं भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में जितेंद्र शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया और शुभ विचार संस्थान की स्थापना से लेकर अब तक किए गए कार्यों की जानकारी दी।

# केंद्रीय चिकित्सालय, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज में विश्व ट्रोमा दिवस पर हुआ कार्यक्रम




महानगर संवाददाता

**प्रयागराज।** केंद्रीय चिकित्सालय, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राकेश निगम की अध्यक्षता में विश्व ट्रोमा दिवस मनाया गया। पूरे विश्व में प्रतिवर्ष करीब 5 मिलियन लोग सड़क दुर्घटना से मरते हैं, जिसमें अकेले भारत में एक मिलियन लोग सड़क दुर्घटना से मरते हैं, जो बहुत ही चिंता का कारण है। इसलिए दुर्घटना को रोकने के उद्देश्य से हर वर्ष 17 अक्टूबर को विश्व ट्रोमा दिवस मनाया जाता है।

कार्यक्रम में सीनि. डी.एम.ओ डॉ. संजय कुमार ने कहा कि ट्रोमा का सबसे बड़ा कारण सड़क पर होने वाली दुर्घटनाएं हैं। इस तरह की दुर्घटनाओं से बचने के लिए यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। घरों में छोटे बच्चों को गलत व अच्छे स्पर्श के बारे में माता-पिता द्वारा जानकारी दी जानी चाहिए। इस मौके पर डॉ. परवेज अहमद, डॉ. मृत्युंजय कुमार, अपर्णा सक्सेना, सरवन कुमार, उदय चंद्र मौर्य एवं भारी संख्या में रेलवे कर्मचारी और मरीज उपस्थित हुए।




Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122050, India; Website: www.honda2wheelersindia.com; Customer Care: customercare@honda2wheelersindia.com

#कैशबैक सुविधा रु.30000 के न्यूनतम लेन-देन (IDFC फर्स्ट बैंक क्रेडिट कार्ड के लिए रु.40000) पर रु.5000 तक का 5% कैशबैक। कार्ड जारीकर्ता/बैंक पॉलिसी के अनुसार क्रेडिट कार्ड के माध्यम से EMI लेन-देन पर लागू। ऑफर अवधि के दौरान प्रति कार्ड एक बार प्रयोग। ऑफर मान्यता 1 जुलाई से 31 अक्टूबर'22 तक मान्य। *फ़ाइनेंस स्कीम ग्राहक प्रोफ़ाइल के अनुसार चुनिंदा फ़ाइनेंस कंपनी द्वारा उनकी शर्तों पर उपलब्ध। चयनित डीलरशिप पर फाइनेंस स्कीम केवल 31 अक्टूबर'22 तक उपलब्ध, जिसे किसी भी समय बिना पूर्व सूचना के वापस लिया जा सकता है। किसी भी दो ऑफर को जोड़ा नहीं जा सकता है। तस्वीर में दिखाया गया उत्पाद बाजार में उपलब्ध वास्तविक उत्पाद से भिन्न हो सकता है। उत्पाद में दिखाई गई एक्सेसरीज सामान्य उपकरण का हिस्सा नहीं हैं।

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **JAIPUR - SIKAR ROAD:** R.D. Honda - 8003699914, 8003699915; **AJMER ROAD:** Advent Honda - 0141-2366736, 9828167637; **MALVIYA NAGAR:** Jaipur Honda - 0141-2751880, 9057090909; **VAISHALI NAGAR:** Advance Honda - 0141-2820555, 9828788848; **TONK ROAD:** Satnam Honda - 0141-2704385, 9829166644; **RAJAPARK:** Shrerit Honda - 9001894146, 9001894141; **MANSAROVAR:** Pushpa Honda - 9649266660, 9828160367; **PRATAP NAGAR:** Satnam Honda - 8949999419, 7728886799; **NEW SANGANER ROAD:** Pushpa Honda - 0141-4916546, 9119163630; **JHOTWARA:** R.D Honda - 7412839992, 7412839990; **DIGGI ROAD:** Pushpa Honda - 9928222048, 9772063065; **JORAWAR SINGH GATE:** R.D Honda - 7230088771, 7230088772; **CHOMU:** R.D. Honda - 7414006310; **KANOTA:** Jaipur Honda - 9587865871, 9352267500; **SHASTRI NAGAR:** Advent Honda - 9829258883; **SANGANER ROAD:** Pushpa Honda - 0141-4916546, 9119163630; **AJMER:** Raj Honda - 7877775946, 9413994564; Ajmer Honda - 9314391017, 9314391022; **GANGAPUR CITY:** Pakhi Honda - 7820818180; **SHAHPURA:** Ridhi Sidhi Honda - 9782756223; **JAMWARAMGARH:** Shri Preet Honda - 9414075067; **PHULERA:** Harshit Honda - 9829583970, 7742031616; **KOTPUTLI:** Shriram Honda - 9887008800, 9269933444; **PHAGI:** Balaji Honda - 9829428792; **PAOTA:** Shree Shyam Honda - 9351377200; **KALWAR:** Shiv Honda - 09928032326; **DAULATPURA:** Pancholi Honda - 9983301073; **MANOHARPURA:** A One Honda - 9829903438, 8742898788; **TODI:** Suraj Honda (Harmada) - 9829888414, 0141- 2264974; **NEWAI:** Shyam Honda - 9214973335, 9667413731; **GONER:** Dhan Laxmi Honda - 8562859074, 7222838586; **BHAKROTA:** Shree Govind Honda - 9887419337, 9929856370; **KALADERA:** Satyam Honda - 9828117797; **DUDU:** Star Honda - 9784483444, 9929004443; **GOVINDGARH:** Shri Radhe Krishna Honda - 9667483505, 9166281089; **VATIKA:** Keshav Honda - 9001220841; **BASSI:** D.L. Honda - 7073459606; **KHORA BISHAL:** Shyam Honda - 8209311049; **JALSU:** Shyam Honda - 9413131208; **CHAKSU:** Yash Honda - 09782166644; **RENWAL:** J.K Honda - 9660007033, 9929190712; **MUHANA MANDI:** Khushi Honda - 9214633666, 9314652325; **JOBNER:** Shanti Honda - 9783501084, 9672470902; **ANDHI:** Shri Shyam Honda - 7062357993; **RAMGARH:** Shikhar Honda - 08432876068, 8619648484; **BIKANER:** Pittie Honda - 0151-2525222, 08290202777; Dudi Honda - 0151-2970125, 7300050030; **SHRI DUNGARGARH:** Mahaveer Honda - 9887825199; **BIJAYNAGAR:** Mahalaxmi Honda - 9414007798; **KEKRI:** Abhishek Honda - 09414435123, 09460528075, 9414400000; **NASIRABAD:** Sangam Honda - 9928311300, 9214485265; **MASUDA:** Jai Ambey Honda - 9414644295; **PUSHKAR:** Pushkar Honda - 8955513377, 9784990061; **SIKAR:** Thar Honda - 01572-245718, 9694402777; Dhoot Honda - 9587892915, 8619127101; **FATEHPUR:** Khokar Honda - 01571-230336, 9680750880; **LAXMANGARH:** Hitesh Honda - 7665003713; **SHRI MADHOPUR:** Radha Swami Honda - 9461045767; **LOSAL:** Jai Ambey Honda - 9828292345; **AJITGARH:** Shahpura Honda - 9413968285, 9024159520; **PALSANA:** Shri Sai Honda - 9982170509; **RINGUS:** Shri Jagannath Honda - 8741842827, 9887020987; **NEEM KA THANA:** Thar Honda - 9694098172; **NAGAUR:** Bajrang Honda - 7665101101, 9983202202; Shree Hari Honda - 9828312221, 9352339333; **MAKRANA:** Maheshwari Honda - 01588-243168, 9414228914; **LADNU:** Bhati Honda - 9414742786, 8104202786; **DEEDWANA:** Sundar Raj Honda - 9352547799, 9413547799; **DEGANA:** Degana Honda - 09414603205; **KUCHERA:** Bajrang Honda - 9782248988, 9929901902; **MERTA ROAD:** Jai Meera Honda - 9413928111, 9875202505; **MOULASAR:** Yash Honda - 01580-240400, 9928765476; **NAWA CITY:** Sharma Honda - 7300322100, 8696874400, 01586-294401; **PARBATSAR:** R.K. Honda - 8058281601, 9166418413; **CHITTORGARH:** C.K. Honda - 01472-247296, 9829245845; Dassani Honda - 9414039007, 01472-297452, 9782459030; **NIMBAHERA:** Tirupati Honda - 01477-224185, 9829244185; **RAWAT BHATA:** Hindustan Honda - 9829678466; **BARI SADRI:** Kanak Honda - 09024317303; **BHADSODA:** M.S. Honda - 9414777772, 9461477752; **BEGUN:** Utkarsh Honda - 08432590060, 9828477061; **CHURU:** R.K. Honda - 01562-252500, 8104361577, 8104002577.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**

स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। सम्पादक: गोपाल शर्मा, कार्यकारी संपादक: जिज्ञासु शर्मा*। फोन: 0141-2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2021-23